
इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

# दैनिक विनय उजाला

इंदौर
रविवार, 11 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष – 13
वर्ष : 16 | अंक : 226
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!





विराट कोहली भी लेंगे टेस्ट से संन्यास ...11

OPERATION SINDOOR

## अपनी हरकतों से बाज नहीं आया आतंकिस्तान... हर हमलों का भारतीय सेना दे रही मुंहतोड़ जवाब

# सीजफायर के बाद फिर पाकिस्तान ने दिखाई औकात



**22 अप्रैल** – पाक परस्त आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की कर दी थी निर्मम हत्या की

**07 मई** – भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया

**26 मिनट** – में ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंक के आकाओं के अड्डे नेस्तनाबूत किए

**10 मई** – शाम 05:30 बजे पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम का हुआ ऐलान

**03 घंटे** – बाद ही पाकिस्तान ने अपनी औकात दिखाई ड्रोन हमले कर की जमकर फायरिंग

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिश की

शाम को संघर्ष विराम के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने श्रेय लेने की कोशिश की। उन्होंने भारतीय समयानुसार शाम 5 :25 बजे सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने रातभर बातचीत चलने और मध्यस्थता जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, अमेरिका की मध्यस्थता में रातभर चली बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूरी तरह और तुरंत संघर्ष विराम के लिए राजी हो गए हैं। मैं दोनों देशों को सामान्य सूझबूझ के लिए बधाई देता हूं। इस बारे में ध्यान देने की धन्यवाद!

## माता वैष्णो देवी मंदिर के पास दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

नई दिल्ली। एजेंसी

**भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर सहमति के 4 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में सीमा पार से पाकिस्तान की उकसावेभरी गतिविधियां एक बार फिर तेज़ हो गई हैं।**

जम्मू से लेकर जैसलमेर तक सीमावर्ती इलाकों में शनिवार को पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की गई। उधमपुर में ड्रोन हमला, श्रीनगर में धमाके और राजस्थान के बाड़मेर में एयर रेड अलर्ट के साथ पंजाब के कई जिलों में इमरजेंसी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया। हालात को देखते हुए सेना और वायुसेना ने एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव मोड में डाल दिया है। जम्मू के उधमपुर जिले में एक बार फिर ड्रोन हमला किया गया, वहीं श्रीनगर में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट कर दिया गया और सायरन बजाए गए।

सिर्फ श्रीनगर ही नहीं, बारामूला और बडगाम में भी गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। हालात इतने गंभीर हो गए कि राजस्थान के बाड़मेर जिले में भी इनकमिंग एयर रेड अलर्ट जारी कर दिया वहीं माता वैष्णो देवी मंदिर के पास भी पाकिस्तानी ड्रोन दिखाई दिए, जिन्हें हवा में ही मार गिराया। इस हमले को लेकर जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा, सीजफायर का क्या हुआ? श्रीनगर भर में धमाके सुने गए।

### पंजाब के कई जिलों में ब्लैकआउट



भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के उल्लंघन के बीच पंजाब के बरनाला और संगरूर जिलों में शनिवार रात 9 बजे से 11 बजे तक फिर से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया। होशियारपुर की डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जानकारी दी कि यह फैसला वायुसेना के पठानकोट और आदमपुर बेस से मिले इनपुट्स के आधार पर लिया गया है। लोगों से अपील की गई है कि वे रात के दौरान अपने घरों के अंदर रहें और लाइटें बंद रखें। वहीं बठिंडा जिला प्रशासन ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। जिले के आधिकारिक बयान में कहा गया, सीजफायर उल्लंघन को लेकर मीडिया में आई खबरों पर जनता सवाल कर रही है, लेकिन अभी किसी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। हम सभी संबंधित एजेंसियों के संपर्क में हैं और अगर कोई बड़ा खतरा हुआ, तो समय रहते सूचना दी जाएगी।

### सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा

भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष अभी थमा नहीं है। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद भारत ने शाम पांच बजे से संघर्ष विराम का ऐलान किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। संघर्ष विराम का आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।

### 12 मई को फिर भारत-पाकिस्तान के बीच होगी बात

इससे पहले सीजफाइर की जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया था कि, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने शुक्रवार दोपहर 3 :35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष शाम 5 :00 बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12 :00 बजे फिर से बात करेंगे।

### सीजफायर को लेकर कोई शर्त नहीं : जयशंकर

विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सीजफायर की कोई पूर्व या बाद की शर्त नहीं है। बातचीत की पहल पाकिस्तान की ओर से हुई। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति वही रहेगी। जयशंकर ने दोनों पक्षों के बीच सहमति की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट में दी। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई। भारत ने सभी प्रकार के आतंकवाद के विरुद्ध अपना अडिग रुख कायम रखा है।

### पीएम मोदी ने की बैठक, ली हालात की जानकारी

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को पांच बजे संघर्ष विराम की घोषणा के तीन घंटे बाद रात आठ बजे पीएम मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने पीएम मोदी को हालात की जानकारी दी।

### सेना की दो टूक- उकसावे पर होगी निर्णायक कार्रवाई

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर पर बनी सहमति को लेकर रघु नायर ने स्पष्ट किया था कि, भारत की थल सेना, वायुसेना और नौसेना पूरी तरह मुस्तैद है। आज बनी सहमति के तहत सेना धैर्य का परिचय देगी। हालांकि, मातृभूमि की रक्षा और भारत की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए सेना प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से किसी भी दुस्साहस का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने देश की सख्त नीति और निर्णय का संकेत भी दिया। कोमोडोर रघु ने कहा, भविष्य में उकसावे की किसी भी कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। सेना भारत की हिफाजत के लिए किसी भी ऑपरेशन को लॉन्च करने के लिए हर समय तैयार है।

### भारत ने गुरुवार रात पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ाया



ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले की कोशिश की। इसका जवाब देते हुए भारतीय वायुसेना ने कल रात पाकिस्तान के कई शहरों में तबाही मचाई। पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ा दिया, जहां से पाकिस्तान भारत के खिलाफ ड्रोन और मिसाइल हमला कर रहा था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सुरक्षाबलों की कार्रवाई की हर जानकारी दी है। भारत के हमलों में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान द्वारा जानबूझकर हवाई ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान के तकनीकी प्रतिष्ठानों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रडार साइटों और हथियारों के भंडार को निशाना बनाया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को गोला-बारूद और लड़ाकू विमानों के जरिए निशाना बनाया गया।

---

तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना

## 20 हजार करोड़ की परियोजना से बदलेगा सिंचाई और व्यापार का नक्शा : डॉ. यादव




विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। भोपाल में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच ताप्ती बेसिन परियोजना को लेकर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। यह परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी ग्राउंड वॉटर रिचार्ज परियोजनाओं में से एक मानी जा रही है।**

दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों डॉ. मोहन यादव और देवेंद्र फडणवीस ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे भूजल स्तर सुधरेगा और सिंचाई बेहतर होगी। हम महाराष्ट्र से जुड़कर अपनी पुरानी विरासत को जीवित करेंगे। महाराष्ट्र बंदरगाहों से व्यापार बढ़ाएंगे। जबलपुर से नागपुर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाया जाएगा।

### 25 साल बाद फिर हुई अंतरराज्यीय बैठक

देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया और कहा कि 5 साल बाद आज अंतरराज्यीय नियंत्रण बोर्ड की मीटिंग हुई। उन्होंने ताप्ती बेसिन परियोजना को लेकर कहा कि यह न केवल सिंचाई के लिहाज से बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति देने वाली साबित होगी। उन्होंने बताया कि करीब 2 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को इस परियोजना से लाभ मिलेगा और खारे पानी की समस्या का समाधान भी होगा।

### एमपी के इतने जिलों को फायदा

इस मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टीएमसी पानी का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी मध्यप्रदेश को और 19.36 टीएमसी पानी महाराष्ट्र के हिस्से में आएगा। इस प्रोजेक्ट से मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हैक्टेयर और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इससे प्रदेश के बुरहानपुर-खण्डवा जिले की 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी।



### आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

# नागरिकों की सुरक्षा के लिए नागरिक स्वयं जिम्मेदारी निभा रहे हैं : महापौर







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने बताया कि विभिन्न स्थिति से निपटने के लिए इंदौर की सेवाभावी जिम्मेदार नागरिकों के लिए आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा शहर को संभावित प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से सुरक्षित रखने तथा आपात स्थिति में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविंद्र नाट्य गृह में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यशाला में सांसद श्री शंकर लालवानी विधायक, श्री रमेश मेंदोला, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह, निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, होमगार्ड कमांडेड श्री सुमंत जैन, श्री भज पाल वर्मा, प्रशिक्षक श्री रंगपाल जी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद, शहर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित अन्य उपस्थित थे।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा की वर्तमान स्थिति में एवं भविष्य को देखते हुए सीमा पर जब जवान लड़ते हैं तो उनके सहयोग के लिए हम आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, विगत दिनों शहर में आपदा की स्थिति को देखते हुए मॉक डील की गई, जिसके देखते हुए हमने इंदौर शहर के समस्त 85 वार्डों में से 10-10 आपदा मित्रों का चयन कर उन्हें आज प्रशिक्षण दिया गया, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह प्रशिक्षण एक नए नवाचार है जो नागरिकों की सुरक्षा के लिए नागरिक स्वयं जिम्मेदारी निभाएंगे, ऐसा इंदौर में ही संभव है जो कि दूसरों के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

महापौर श्री भार्गव ने बताया कि भविष्य की आपात परिस्थितियों जैसे कि भूकंप, बाढ़, अत्यधिक वर्षा, युद्ध अथवा अग्निकांड आदि को ध्यान में रखते हुए, आपदा की स्थिति में त्वरित रेस्क्यू एवं राहत कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए आपदा प्रबंधन सेल के गठन किया गया। इसके साथ ही शहर के प्रत्येक वार्ड में 8 से 10 आपदा मित्रों की नियुक्ति की गई, जो आपदा के समय सक्रिय रूप से राहत कार्यों में सहयोग करेंगे। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर जो भी करता है वह अद्भुत करता है वर्तमान स्थिति को देखते हुए इंदौर तैयार है, इसको देखते हुए वर्तमान में आपदा मित्रों का गठन किया गया है, इसके साथ आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर क्रियान्वयन हेतु इंदौर में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा एवं नागपुर में भी ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि माननीय महापौर जी की सोच का परिणाम है कि इंदौर दिल्ली की सरकार से भी एक कदम आगे निकल गया, देश के अन्य शहरों में कसी आपदा प्रबंधन हेतु कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी और हमारे इंदौर में आज से ही इसके लिए ट्रेनिंग और कार्यशाला आयोजित की गई है, इंदौर शहर के जागरूक नागरिक हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहते हैं, आज भी शहर के विभिन्न वार्डों से आपदा मित्रों का गठन किया गया है जिनके द्वारा वर्तमान स्थिति एवं भविष्य के लिए तैयार रखा जाएगा।

#### आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा आयोजक

नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स, सिविल डिफेंस के संयुक्त प्रयास से आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन की समझ विकसित करना, आपदा मित्रों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देना पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

#### जिसमें प्राकृतिक आपदाएँ

बाढ़
भारी वर्षा
भूकंप

#### कंट्रोल रूम से संपर्क

आपातकालीन नंबरों की जानकारी
त्वरित सूचना देना
स्थिति की रिपोर्टिंग
समन्वय बनाकर काम करना
अभ्यास और डेमोंस्ट्रेशन
मॉक ड्रिल का आयोजन
उपकरणों के उपयोग का अभ्यास
भूमिकाओं का वितरण
टीम वर्क और तालमेल पर बल
पर जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

#### मानव निर्मित आपदाएँ

आगजनी
युद्ध एवं आतंकवादी हमले
आपदा मित्रों की भूमिका
आपदा के समय नागरिकों की सहायता
सुरक्षित स्थान तक लोगों को पहुंचाना
प्राथमिक उपचार देना
कंट्रोल रूम से संपर्क बनाए रखना
समुदाय में जागरूकता फैलाना
सहायक उपकरणों का उपयोग
जीवन रक्षक जैकेट
रस्सियाँ, स्ट्रेचर
टॉर्च, सीटी, प्राथमिक उपचार किट
संचार उपकरण (वॉकी-टॉकी, मोबाइल)
त्रक्क व नक्शे
प्राथमिक उपचार (स्नद्वह्ल्ह्वह्र द्वस्त्र)
घायलों की पहचान और प्राथमिक जांच
रक्तस्राव रोकना
कृत्रिम सांस (ष्टक्क्र)
हड्डी टूटने की स्थिति में स्प्लिंट
जलने पर ठंडा पानी और साफ कपड़ा
नागरिकों की सुरक्षा के उपाय
भीड़ नियंत्रण
विशेष रूप से बच्चों, वृद्धों, और विकलांगों की मदद
निकासी मार्गों की जानकारी
राहत शिविरों तक पहुंच सुनिश्चित करना

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक पहुंचकर किया शहीदों को नमन

### भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम भोपाल के शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शौर्य स्मारक परिसर में स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी के अलावा श्री राहुल कोठारी, श्री आशीष अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता के लिए समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत उन राष्ट्रों में शामिल है जो त्वरित गति से दुश्मनों से निपट सकता है। भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन पर आज यहां शौर्य स्मारक परिसर में उपस्थित महिलाओं और बच्चों के हाथ में तिरंगा देखकर उन्हें प्रसन्न और गर्वित होते हुए देखना आनंद का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में निरपराध लोगों की नृशंस हत्याएं कीं। उनकी पीठ के पीछे पाकिस्तान बैठा था। वह जमाना गया जब आतंकी समझते थे कि वे पाकिस्तान में महफूज होंगे। अब पाकिस्तान की सेना भी त्राहिमाम कर रही है। भारत ने 6 और 7 मई की रात्रि को शत्रु के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उनके दांत खट्टे कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने तीसरी बार यह सेना के शौर्य का एहसास किया है। पहली बार सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को उसके घर के अंदर घुसकर मारा। हमारे जवान अपने टारगेट को खत्म करके सकुशल वापस लौटे। दूसरी बार में पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्राइक की। तब पाकिस्तान ने एक भारतीय पायलट अभिनंदन जी की सकुशल भारत वापसी करवाई। अब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में जहां आतंक की फैक्ट्री चल रही थीं, निर्णायक कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं को कार्रवाई की खुली छूट दी गई। पाकिस्तान के ड्रोन और अन्य हथियारों का खात्मा कर भारतीय सैन्य बलों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में बीते 10 वर्षों में भारत ने रक्षा सहित हर क्षेत्र में प्रगति की है। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत विश्व में 5वें स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना को आधुनिक जरूरत और हथियारों से लैस किया है। इनमें राफेल लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के शौर्य का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से दुनिया के अंदर भारत की साख बढ़ी है और वे हमारी शक्तियों से परिचित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार भी अपने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। यह समय सेना के साथ खड़े होने का है इसीलिए हमारी सरकार ने तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला लिया।




# हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में किये गए हैं उल्लेखनीय कार्य : राज्यमंत्री जायसवाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भोपाल, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और इन्दौर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम द्वारा सफलतापूर्वक भाग लिया गया। निगम के मृगनयनी एम्पोरियम, मुम्बई व टी.टी. नगर, भोपाल को विश्व स्तर पर आकर्षित करने के लिये आंतरिक साज-सज्जा की गयी।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हैण्डलूम दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के 5 बुनकरों को पुरस्कृत किया गया। हैण्डलूम कपड़ों पर आधारित फैशन-शो का आयोजन कॉलेज की छात्राओं के सहयोग से गौहर महल भोपाल में किया गया। निगम ने बर्मिंघम, इंग्लैंड में 1 से 4 सितम्बर 2024 तक आयोजित ओटोमन फेयर में भी भाग लिया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल लक्ष्य 32 करोड़ रूपये के विरूद्ध 20 करोड़ रूपये की लक्ष्य उपलब्धि प्राप्त हुई, जो विक्रय लक्ष्य का 62.5 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 के लिये निगम की ब्रिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 34.71 करोड़ रूपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एम्पोरियम के माध्यम से प्रदर्शनी, थीम सेल, एक्सपो का आयोजन कर अधिक से अधिक बिक्री कर लक्ष्य की प्राप्ति की जायेगी।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि माह मार्च 2025 में हैरिटेज कलेक्शन प्रदर्शनी का आयोजन गौहर महल भोपाल में किया गया। निगम की वेब साइट का निर्माण एमपीएसईडीसी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका निगम के उत्पादों की बिक्री के लक्ष्य प्राप्ति में अहम योगदान होगा। वर्ष 2024-25 में विशेष रूप से बड़ी प्रदर्शनी जैसे सावन मेला, दीपोत्सव मेला, लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर मेले का आयोजन किया, जिससे प्रदेश के बुनकरों और शिल्पियों को अपना जीवन स्तर बेहतर बनाने तथा अधिक आय प्राप्त करने के अवसर मिले। अंतर्राष्ट्रीय

#### वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन उल्लेखनीय कार्य

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हाथकरघा बुनकरों के बच्चों को प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाए जाने के लिए विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा विभाग की मेधावी छात्रा योजना में अन्तर्विभागीय लिंक स्थापित करने की कार्रवाई की जा रही है। बुनकरों एवं शिल्पियों को भविष्य में दिए जाने वाले कई प्रकार के लाभ सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान किए जाना प्रस्तावित है। प्रदेश के आदिवासी जिले अनूपपुर में हाथकरघा प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना प्रस्तावित है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में

# विवाहित नव-दम्पत्तियों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से संचालित किया जा रहा है, जो 30 जून 2025 तक जारी रहेगा। अभियान में प्रदेश की नदियों, तालाबों, झीलों ,पुराने कुओं, बावड़ियों और जल धाराओं को सहेज कर उन्हें पुनर्जीवन दिया जा रहा है।

जल स्त्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन की कार्य योजना बनाई गई है। अभियान में नागरिकों को अनावश्यक रूप से जल प्रवाहित नहीं करने, दैनिक जीवन में पानी का उचित उपयोग करने और मकानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं जल स्त्रोतों के आसपास सोक पिट बनाकर वर्षा जल संचयन के विषय में जागरूक बनाया जा रहा है।

अशोक नगर के चन्देरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में 54 वर-वधुओं ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इनमें 46 कन्याओं के विवाह तथा 08 कन्याओं के निकाह संपन्न कराये गये हैं। नव विवाहित जोडों और उनके परिजन को वैवाहिक संस्कारों के बाद जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

जिले में मोहखेड़ विकासखंड के देवगढ़ गांव की ऐतिहासिक बावड़ियों की सफाई भी श्रमदान से की गई। यहां की बावड़ियों का जल बड़ा ही स्वादिष्ट बताया जाता है। क्षेत्रवासियों के लिए ये जीवनदायी और आस्था से जुड़ी हुई सांस्कृतिक धरोहर हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान में शनिवार को जिले के उतावली चेक डेम पर श्रमदान से सफाई की गई। हाथों में ग्लव्स, चेहरे पर मास्क सहित सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए अधिकारी-कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर चेक डेम पर सफाई की। अधिकारी-कर्मचारियों ने मानव-श्रृंखला बनाकर कचरे को ट्रेक्टर-ट्रॉली में लाद कर उसका निष्पादन कराया। जिले के पोनास में 25 लाख रूपये की लागत से अमृत सरोवर बनाया जायेगा। अमृत सरोवर का क्षेत्रफल 10 हजार स्कायर मीटर तथा पानी भराव की क्षमता लगभग 25 हजार क्यूबिक मीटर होगी। तालाब निर्माण से कालीसिंध नदी के बेस फ्लो मे भी बढ़ोतरी होंगी। देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने अमृत सरोवर परियोजना के लिए भूमि-पूजन करते हुए कहा कि मां नर्मदा का पानी हर किसान के खेत में पहुंचेगा। इससे किसान साल में तीन फसल ले सकेंगे। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए आयोजन को भारतीय सेना के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया गया।



#### मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ, श्रमदान से बावड़ी की सफाई

छिंदवाड़ा जिले में मप्र जन अभियान परिषद ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर जुन्नारदेव के आदर्श ग्राम भुतहा छाबड़ी में तीन दिशाओं से आने वाली तीनधारी नदी के तटों पर श्रमदान कर झाड़ियां और घास काटकर साफ-सफाई की। ग्रामीणों को एकत्रित कर जल गंगा संवर्धन और जल संरक्षण के विषय में जानकारी देकर उन्हें जल संरक्षण के कार्यों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें जल स्रोतों के आस पास साफ-सफाई बनाए रखने और जल का दुरुपयोग रोकने की शपथ दिलाई गई।

#### शहडोल में श्रमदान से पुराने तालाब की सफाई

शहडोल के लल्लू तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई करने का कार्य किया गया। श्रमदान कार्य में नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई टीम व स्थानीय लोगों ने अपनी भूमिका निभाई। अभियान के अंतर्गत जिले में नये तालाब बनाये जा रहे हैं, साथ ही पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। नदियों के तटों को स्वच्छ बनाए रखने और उनमें स्वच्छ जल प्रवाह बनाए रखने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं।

### प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का किया शुभारंभ

# पशुपालन से ही खेती लाभ का व्यवसाय बनेगा : उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने होटल विजय विलास में आयोजित प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निराश्रित और बीमार गौवंश की सेवा तथा पुनर्वास वर्तमान समय की बड़ी चुनौती है। सरकार आधुनिक गौशालाओं का निर्माण कराकर निराश्रित गौवंश को आश्रय देने तथा खेती को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में उन्नत गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें हजारों गायों को नया जीवन मिलेगा। इस अभियान में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गौमाता की सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा। अगर गौमाता बेसहारा रही तो मानव जाति का भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि रीवा में बसामन मामा गौवन्य विहार में सात हजार से अधिक निराश्रित गायों को आश्रय दिया गया है। इन गायों की सेवा में पशु चिकित्सक बड़ी तत्परता और लगन से कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही हिनौती में भी आधुनिक गौशाला शुरू होगी जिसमें लगभग 25 हजार गौवंश को रखने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पशुपालन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना आवश्यक है। पशुपालन को अपनाकर ही किसान खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकेंगे। गौवंश को दूध न देने पर बेसहारा छोड़ने की मानसिकता है। गौमाता यदि दूध नहीं दे रही है तो भी उसका गोबर और गौमूत्र बहुमूल्य है। गौमाता में देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए गोबर का उपयोग पूजा में भी किया जाता है। आधुनिक गौशालाओं में गोबर से अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाने के साथ सीएनजी प्लांट लगाए जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर तो रोगी से पूछकर उसका इलाज करते हैं। पशु चिकित्सक बेजुबान पशुओं के लिए भगवान की तरह हैं। समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मेडिकल के डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी सभी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। पशु चिकित्सा संघ की सभी उचित मांगे पूरी की जाएंगी। पशु चिकित्सा अधिकारियों का कार्य मानव के डॉक्टरों से अधिक कठिन और महत्वपूर्ण है। प्रदेश में हेल्पलाइन 1962 की गाड़ियों से पशुओं का उपचार बेहतर हुआ है। इन गाड़ियों की संख्या दुगनी करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में निराश्रित गौवंश बड़ी चुनौती हैं। बेसहारा गायों के लिए प्रदेश में 22 स्थानों पर शीघ्र ही आधुनिक गौशालाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। सरकार दो वर्षों में सभी बेसहारा गायों को गौशाला में व्यवस्थित कर देगी तब सड़कों पर गौवंश नहीं दिखेगा। गौशालाओं को पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल की तरह विकसित करेंगे।

पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज गौतम ने कहा कि सरकार ने गौशाला के गौवंश के लिए 20 रुपए प्रतिदिन से राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। इसी तरह आधुनिक डेयरी निर्माण के लिए भी ऋण और अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मानव में कई रोग पशुओं के माध्यम से पहुंचते हैं। मानव के स्वस्थ रहने के लिए सभी पालतू पशुओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। मानव और पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पशुपालन खेती से भी पुराना व्यवसाय है। स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे। समारोह में अतिथियों और सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन श्री अवनीश शर्मा ने किया ।




#### बाबा साहब अंबेडकर गौ संवर्धन योजना से डेयरी को मिलेगा नया आयाम : मंत्री पटेल

पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि पशुपालन विभाग को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सदैव पशुपालन विभाग को प्राथमिकता दी है। डेयरी के विकास के लिए बाबा साहब अंबेडकर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इसमें कम से कम 25 दुधारू पशु की एक यूनिट बनाई गई है। प्रत्येक यूनिट पर पशुपालक को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से डेयरी व्यवसाय को नया आयाम मिलेगा। अभी प्रदेश में 10 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन संग्रहण होता है। इसे 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लाइंड एम्पलाइज एसोशिएशन द्वारा कर्मचारी नेता हरीश बोयत का सम्मान किया गया



**इंदौर, (विनय उजाला)।** नेत्रहीन कर्मचारी साथियों द्वारा कर्मचारी नेता हरीश बोयत का सम्मान किया गया। आयोजन समिति के सचिव श्री अनिल बामनिया ने बताया कि सदैव कर्मचारी साथियों के लिए संघर्षरत वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीश बोयत का सम्मान लायन क्लब के वरिष्ठ सदस्य दिनेश कुमार रंधावा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉक्टर हरगोविंद यादव के मुख्य आतिथ्य कर्मचारी नेता रमेश यादव के विशिष्ठ अतिथि में सम्पन्न हुआ। इसके पुर्व पुरे प्रदेश से पधारे संघ के सदस्यों के बीच गीतों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता उप विजेता को नगद राशि देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद मेवाडा वा आभार उपाध्यक्ष कैलाश मालवीय ने माना। सम्मान के प्रति उतर में श्री बोयत ने कहा कि यह सम्मान मुझे ताउम्र याद रहेगा क्योंकि यह उन साथियों के द्वारा किया गया है जो देख तो नहीं सकते किंतु उनको सबकुछ दिखता है।

### निगम द्वारा रिमूवल करवाई : गुमटी व पक्का निर्माण, शेड सहित 100 से अधिक बाधक हटाए




**इंदौर, (विनय उजाला)।** आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार झोन क्रमांक 17 वार्ड क्रमांक 18 मोनी बाबा आश्रम से दीप माला ढाबा तक नगर निगम इंदौर रिमूवल विभाग द्वारा यातायात में बाधक पर रिमूवल कार्रवाई की गई। प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल ने बताया कि आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जोन 17 वार्ड 18 मोनीबाबा आश्रम से दीपमाला ढाबा तक नगर निगम द्वारा 65 गुमटी, 20 पक्का निर्माण, तार फेंसिंग, शेड निर्माण सहित सर्विस रोड़ के यातायात में बाधक 100 से अधिक अस्थाई अतिक्रमण हटाये गये। इस कार्यवाही में अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल जी, भवन अधिकारी श्री वैभव देवलासे जी, जोनल अधिकारी श्री नरेन्द्र कुरील जी, रिमूवल प्रभारी श्री बबलू कल्याणे जी एवं पुलिस बल बाणगंगा तथा रिमूवल का समस्त स्टाफ संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

### पीएमश्री विद्यालय, घाटाबिल्लौद जिला-धार का 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत



**इंदौर, (विनय उजाला)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल,भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वी का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत एवम कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। अमन राम पिता श्री सुदर्शन राम ने विज्ञान संकाय से 91 प्रतिशत अंक गणित में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रितिक कक्षा 10 वी में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 वी में 22 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। प्राचार्य डॉक्टर देवेश भदौरिया एवम परीक्षा प्रभारी डॉक्टर रागिनी स्वर्णकार एवम समस्त शिक्षकों ने इस अवसर पर बधाई प्रेषित की है।

### बात करने में फटा चार्जिंग पर लगा फोन, किशोरी की मौत



**इंदौर, (विनय उजाला)।** इंदौर सांवेर तहसील के चंद्रावती थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम मोबाइल फटने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत वाह फोन को चार्जिंग पर लगाकर बात कर रही थी बात इस दौरान वैट्री में विस्फोट होने से फोन फट गया और गंभीर चोट आई नौवीं में पढ़ रही उर्वशी छुट्टियां होने से चंद्रावतीगंज में मामा के घर आई थी। उर्वशी शुक्रवार शाम को वह कमरे में अकेली थी और चार्जिंग पर लगाकर बात करने के दौरान अचानक फोन फट गया तभी मचा हड़कंप उर्वशी के चीखने की आवाज से घर के सदस्य कमरे में पहुंचे उर्वशी के कान, चेहरे व जबड़े में गंभीर चोट आई स्वजन उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से सांवेर के सिविल अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने जांच कर उर्वशी को मृत घोषित कर दिया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अहिल्याबाई बावड़ी का निरीक्षण



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत माननीय जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधायक श्री तुलसीराम सिलावट जी महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा ऐतिहासिक अहिल्याबाई बावड़ी का निरीक्षण किया गया।

यह बावड़ी स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्यों के तहत विशेष रूप से संरक्षित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 11 मई को मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के करकमलों द्वारा इस बावड़ी का उद्घाटन प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी. सदस्य श्री अभिषेक (बबलू) शर्मा, नगर मंत्री श्री पप्पू शर्मा, नगर जनपद अध्यक्ष श्री कान्हा पटेल, पूर्व जिला पदाधिकारी एवं कनाडिया के सरपंच श्री कमल पटेल, निपानिया मंडल अध्यक्ष श्री विपिन जागीरदार उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने जल संरक्षण के प्रति जनजागृति लाने और ऐतिहासिक जलस्रोतों के संरक्षण हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अहिल्याबाई बावड़ी का पुनरुद्धार क्षेत्रीय जलसंवर्धन में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## महापौर मेगा रोजगार मेला 11 मई को इंदौर में आयोजित, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे उद्घाटन

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नगर निगम द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महापौर मेगा रोजगार मेला का आयोजन आज दशहरा मैदान में किया जा रहा है। इस रोजगार मेले का उद्घाटन मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों से किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि, रोजगार मेले के प्रति युवाओं में अत्यधिक उत्साह है और अब तक 8000 से अधिक युवाओं ने पंजीयन करवा लिया है। मेले का उद्देश्य निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 10,000 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।



### प्रमुख आकर्षण और विशेषताएँ

100 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ करेंगी भागीदारी, जिनमें शामिल हैं : पेटीएम, टॉरस प्राइवेट लिमिटेड, पटेल मोटर्स, एयरटेल, ज़ोमेटो, सोनी इंडिया, नीयट लिमिटेड, डॉ. रेड्डी ग्रुप सहित अन्य आईटी, रिटेल, ई-कॉमर्स, फार्मा, कंसल्टेंसी, फिनटेक, सेल्स, मार्केटिंग, अकाउंटिंग और फाइनेंस क्षेत्र की कंपनियाँ।

### पात्रता और आवश्यक दस्तावेज़

**उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज़ साथ लाने होंगे :**

बायोडाटा

पासपोर्ट साइज फोटो

पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी आदि)

शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्र (10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर)

कुछ कंपनियाँ विशेष योग्यता या अनुभव की माँग कर सकती हैं

बेसिक कम्युनिकेशन स्किल्स और टेक्निकल स्किल्स अनिवार्य हो सकते हैं

आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम सीमा कंपनियों के अनुसार 30-35 वर्ष

**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया :** रोजगार मेले में भाग लेने के लिए गूगल फॉर्म या क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवश्यक है

पंजीयन के पश्चात उम्मीदवार को ई-कार्ड, पास और रसीद क्रमांक प्रदान किए जाएँगे।

## इंदौर में स्थापित होगी स्वामी विवेकानंद जी की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई ,रविवार को करेंगे भूमिपूजन

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। माननीय महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी के नेतृत्व में रामसर साइड सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद जी की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा स्वामी जी की शिक्षाओं और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

#### प्रतिमा की विशेषताएँ

**ऊंचाई:** स्वयं प्रतिमा की ऊंचाई 39.6 फीट, संरचनात्मक आधार सहित कुल ऊंचाई लगभग 52 फीट

**वजन:** लगभग 14 टन

**निर्माण सामग्री:** विभिन्न धातुओं का मिश्रण — जलवायु प्रतिरोधी और दीर्घकालिक स्थायित्व के लिए उपयुक्त

**विशेष मान्यता:** वर्तमान में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा (35 फीट) कर्नाटक के उडुपी में स्थित है — इंदौर की प्रतिमा इसे पीछे छोड़ देगी

#### निर्माण और विकास कार्य

इस प्रतिमा का निर्माण देश के ख्यातिप्राप्त मूर्तिकार श्री नरेश कुमावत द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने देशभर में कई प्रतिष्ठित मूर्तियाँ निर्मित की हैं।

प्रतिमा स्थल पर स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और विचारों पर आधारित एक विशेष गैलरी भी स्थापित की जाएगी, जहाँ चित्रों, दस्तावेज़ों और डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रेरित किया जाएगा।

यह स्थान इंदौर के लिए एक नई पहचान, सांस्कृतिक गौरव और पर्यटन विकास का केंद्र बनेगा।

#### भूमिपूजन समारोह

इस ऐतिहासिक परियोजना का भूमिपूजन समारोह आगामी रविवार को मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं मान कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल के करकमलों से सम्पन्न होगा। यह आयोजन इंदौरवासियों के लिए गौरव और उत्साह का विषय होगा। इस अवसर पर नगर के सभी जनप्रतिनिधि सहित नागरिक उपस्थित रहेंगे।

#### महापौर का वक्तव्य

इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी ने कहा, यह प्रतिमा न केवल युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अवगत कराएगी, बल्कि उन्हें उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित करेगी। स्वामी जी के आदर्श आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं, और यह स्मारक उनके विचारों को स्थायी रूप देगा।


## पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद

### रेल फ्लाय ओवर का निर्माण

**ई-निविदा सूचना सं.:- DyCECII ADI-GER-SAU-03 (दो पैकेट);** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-II, पश्चिम रेलवे अहमदाबाद भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है; **कार्य का नाम और स्थान:** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल पर साबरमती-बोटाद एवं गैरतपुर-सानंद (16.51 Km.) के बीच 5 इंटरसेक्शनों के इंटरसेक्शन सं. 1 में बरेजडी नांदेज (गैरतपुर)-सरखेज (38.20 Km.) (अहमदाबाद बायपास) के बीच 4थी लाइन एवं पुल सं. 6-4X18.3M (रींग रोड पर) के पुल सं. 19 - 1X76.2M, पुल सं. 46 - 3X45.7M, पुल सं. 52-33X30.50+2X76.2M, पुल सं. 65 - 1X61M (SH-16 पर) के अंतर्गत RFOs (रेल फ्लाय ओवर) का निर्माण।; **कार्य की लगभग लागत:** ₹ 153,13,34,385.41; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 78,06,700.00; **निविदा फॉर्म शुल्क:** शून्य; **कार्य की समाप्ति अवधि:** मानसून सहित 24 महीने (चौबीस महीने)। **बोली जमा करने की तिथि और समय:** 30.05.2025 को 15:00 बजे; **वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता: वेबसाइट:** www.ireps.gov.in मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, द्वितीय तल, 'सी' विंग, निर्माण भवन, डीआरएम कार्यालय के पास, असरवा, अहमदाबाद-382345

CPM – 009

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### रीमॉडलिंग कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 **निविदा सूचना संख्या बीसीटी/25-26/39 दिनांक 08/05/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थान :** धुले-नारदाना नई लाइन परियोजना (50.060 किमी) के संबंध में उकैसोंगहाड़ जलगांव खंड नरदाना यार्ड रीमॉडलिंग कार्य; **कार्य की अनुमानित लागत :** 7,38,61,809.87; **ईएमडी :** 5,19,300.00; **जमा करने की तिथि और समय :** 03/06/2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय :** 03.06.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। 0129

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल - 400 008 क्रमांक (1) **निविदा सूचना संख्या : बीसीटी/25-26/37 दिनांक 07/05/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थान :** बांद्रा टर्मिनस : प्लेटफॉर्म संख्या 4 और 5 पर प्लेटफॉर्म की दीवार और स्पर्शनीय टाइल की मरम्मत; **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,09,95,319.12; **ईएमडी :** 2,05,000.00; क्रमांक (2) **निविदा सूचना संख्या : बीसीटी/25-26/38 दिनांक 07/05/2025; कार्य एवं स्थान :** (1) बांद्रा (पाली हिल) :- 'डी' ब्लॉक की असुरक्षित ग्रिल्स की मरम्मत (2) माहिम (पूर्व)= अतिक्रमणकारियों द्वारा ट्रैक पर अतिक्रमण और कचरा डालने से रोकने के लिए शीटिंग के साथ एमएस फेंसिंग का प्रावधान; **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,40,81,027.84; **ईएमडी :** 2,20,400.00; **दोनों निविदाओं के लिए, प्रस्तुत करने की तिथि और समय :** 03/06/2025, 15.00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय :** 03/06/2025 को 15.30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं.

0128

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/27/2025, दिनांक : 08.05.2025

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 216 | एलएचबी कोच के लिए बाएं संस्करण के हैंड ब्रेक व्यवस्था के साथ ब्रेक सिलेंडर | 40 Nos | 04-Jun-25 |
| 217 | ब्लाइंड सॉकेट असेंबली | 202 Nos | 04-Jun-25 |
| 218 | डीजल संचालित स्व-चालित आर्टिकुलेटेड बूम लिफ्ट | 1 Nos | 05-Jun-25 |
| 219 | हिताची टाइप ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस असेंबली | 615 Set / 36795 Nos | 09-Jun-25 |
| 220 | कंप्रेसर के लिए आईओएच किट | 130 Set | 09-Jun-25 |
| 221 | क्षैतिज बोरिंग और मिलिंग मशीन | 2 Nos | 09-Jun-25 |
| 222 | हिताची टाइप ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस असेंबली | 286 Nos | 09-Jun-25 |
| 223 | बीएमबीसी कोच के लिए ब्रेक बीम पूरा | 4033 Nos | 01-Jul-25 |

शुद्धिकरण

कृपया निविदा सूचना संख्या एस-19-2025 दिनांक : 04.04.2025 के लिए नियत तिथि को '09.06.2025' के रूप में पढ़ें : क्रमांक 174

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0134

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


## कार्यालय कलेक्टर जिला धार (म.प्र.)

(Off) 07292-234702, (Resi) 07292-234701, (Fax) 07292-234711, E-mail : dmdhar@mp.nic.in

क्रमांक/6796/भू-अर्जन/2025 धार, दिनांक : 09/05/2025

:: सार्वजनिक सूचना ::

**(मध्यप्रदेश शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अंतर्गत)**

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र दिनांक 12.11.2014 एवं मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 14.11.2014 में प्रकाशित अधिसूचना के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत प्रस्तावित निम्नानुसार नीचे दर्शाई गई अनुसूची में कालम क्रं. 2 में उल्लेखित भूमि धारकों की अनुसूची के कालम नं. 3 एवं 4 अनुसार भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन, एन.एच. 59 से एन.एच. 347 बायपास मार्ग (देलमी-बगडीतुर्क) के निर्माण अंतर्गत प्रभावित होने से भूमि की आवश्यकता है :-

:: अनुसूची ::

**भूमि का वर्णन**

(क) ग्राम :- उतरसी (ख) तहसील :- धार

(ग) जिला :- धार (घ) लगभग क्षेत्रफल :- 1.518 हेक्ट.

| अ.क्रं. | भूमि धारक का नाम एवं पता | खसरा क्रमांक | क्रय नीति के तहत प्रस्तावित क्षेत्रफल हेक्टर में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विजयलक्ष्मी पति हरिशचन्द्र जैन निवासी उतरसी तहसील धार जिला धार (म.प्र.) | 1/1, 1/2, 1/3 | 0.578 |
| 2 | सुरेश, महेश, उमेश, मुकेश पिता मोहनलाल जाति नाई निवासी उतरसी तहसील धार जिला, धार (म.प्र.) | 19 | 0.248 |
| 3 | धापुबाई पति गब्बुसिंह जाति राजपूत निवासी फतनखेड़ी कस्तुरबाग इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) | 20/1 | 0.216 |
| 4 | सुमनबाई पति बलराम जाति पाटीदार निवासी सिन्दौड़ा इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) लीलाबाई पति जगदीश पाटीदार जाति पाटीदार निवासी रंगवासा इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) | 2 | 0.253 |
| 5 | हरसिंह, मिट्ठुलाल, कमल पिता मांगीलाल, राजुबाई, नीमाबेन पिता मांगीलाल जाति बंजारा निवासी बगडीतुर्क तहसील धार जिला धार | 20/2 | 0.112 |
| 6 | दिलीप पिता कालू जाति बंजारा निवासी बगडीतुर्क तहसील धार जिला धार (म.प्र.) | 20/3/2 | 0.040 |
| 7 | रमेश पिता कालू जाति बंजारा निवासी उतरसी तहसील धार जिला धार (म.प्र.) | 20/3/1 | 0.065 |
| 8 | प्रशांत पिता प्रकाश जाति ब्रम्हाण निवासी धार तहसील धार जिला धार (म.प्र.) | 21/1 | 0.006 |
| | योग | | 1.518 |

2. उपरोक्त कृषकों की भूमि एन.एच. 59 से एन.एच. 347 बायपास मार्ग (देलमी-बगडीतुर्क) के निर्माण अंतर्गत प्रभावित होने से शासन पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर) में आधार सहित कलेक्टर के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग धार जिला धार के कार्यालय में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(प्रियंक मिश्रा)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला धार (म.प्र.)

जी-12665/25

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग, (ओल्ड पलासिया) इन्दौर

E-mail ID :- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक :- 08/व.ले.लि./वि./यां./2025-26 इन्दौर, दिनांक : 08.05.25

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्रं. | टेंडर नं | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_422082 | एम.टी.एच. अस्पताल इंदौर में 124 एच.पी. केपेसिटी के एच.वी.ए.सी. का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | इंदौर | 7.19 | 14,384/- | 2,000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. विद्युत पंजीकरण | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_422083 | स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई चिकित्सालय, इंदौर में एच.वी.ए.सी. का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | इंदौर | 16.79 | 33,585/- | 2,000/- | -तदैव- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_422084 | रेडियो कॉलोनी, इंदौर स्थित लोक सेवा आयोग के गेस्ट हाउस में गार्डन लाईटिंग, एरिया लाईटिंग एवं बंगला नं. सी-8 के नवीन गार्डन रूम में विद्युतीकरण का कार्य। | इंदौर | 5.43 | 10,865/- | 2,000/- | -तदैव- | 1 माह सिवल कार्य पूर्ण होने के पश्चात (वर्षाकाल सहित) |
| 4 | 2025_PWDRB_422086 | वाणिज्यिक कर कार्यालय इंदौर के रूम, गलयारे, सीढ़ियों पर, जनरेटर रूम, आगे एवं पीछे के पार्किंग एरिये पर विद्युतीकरण का कार्य। | इंदौर | 32.50 | 50,000/- | 5,000/- | -तदैव- | 45 दिन वर्षाकाल सहित |
| | | कुल राशि रू. | | रू.61.91 | | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 4. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट आदि अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 10.05.25 सुबह 10.30 से दिनांक 17.05.2025 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, इंदौर

जी-12670/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## कार्यालय डिवीजनल कमाण्डेन्ट, होमगार्ड उज्जैन संभाग उज्जैन (म.प्र.)

नागझिरी-इंजीनियरिंग कॉलेज रोड उज्जैन, 0734-2527165, e-mail : divhgujjain@gmail.com

:: नीलामी की अधिसूचना ::

क्रमांक/सी-272/भण्डार/2025 उज्जैन, दिनांक : 21/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन संभाग के अंतर्गत जिला उज्जैन/देवास/शाजापुर/आगर-मालवा/रतलाम/मंदसौर/नीमच जिले के होमगार्ड विभाग की निष्प्रयोज्य घोषित सामग्री की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 20/05/2025 (मंगलवार) को 16.00 बजे कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन में की जाना है।

नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर कार्यालयीन समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन में किया जा सकता है। नीलामी में कण्डम, वाहन पार्ट्स, कंबल दरी, जूते, मोजे, लोहे की पेटी, बाल्टी, लाईफबाय, लाईफ जैकेट, रस्से, बरसाती, सर्चलाईट, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर आदि अन्य सामग्री शामिल हैं। नीलामी की सामग्री जैसी है, उसी स्थिति में नीलामी की जायेगी।

**नीलामी की शर्ते :-**

1. नीलामी की बोली लगाने वाले बोलीदार को राशि रू. 25000/- (अक्षरी रूपये पच्चीस हजार) प्रतिभूति राशि (Earnetst Money) नीलामी होने के पूर्व जिला सेनानी होमगार्ड उज्जैन कार्यालय में 15.00 बजे तक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन के नाम से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराना होगी।
2. निर्धारित ऑफसेट प्राईस से अधिक मूल्य की बोली लगाने पर ही बोली समाप्त की जायेगी। अन्यथा बोली निरस्त कर दी जावेगी।
3. उपरोक्त तिथि की नीलामी समाप्त नहीं हो पाने से नीलामी अगली तिथि तक बढ़ाई जा सकेगी। नीलामी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।
4. नीलामी की सामग्री एक लाट में जैसी है उसी स्थिति में नीलामी की जायेगी।
5. बोली स्वीकार होने पर पूर्ण राशि तत्काल जमा करानी होगी, जो प्रतिभूति के बतौर जमा की गई हैं। उसे समायोजित किया जायेगा तथा बोली स्वीकार न होने की स्थिति में प्रतिभूति राशि वापस कर दी जायेगी।
6. नीलामी की सामग्री पूर्ण भुगतान कर नीलामी की तिथि को ही उठानी होगी।
7. साथ ही यह माना जायेगा की क्रय कर्ता ने सभी शर्तो को मान्य करते हुये बोली लगाई हैं।
8. निष्प्रयोज्य सामग्री/सामानों का निरीक्षण करने कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन से संपर्क कर किया जा सकेगा।
9. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक निविदादाता को अपनी पहचान एवं निवास से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. नीलामी में सिर्फ वही व्यक्ति सम्मिलित होगा, जिसने प्रतिभूति राशि जमा की है, अन्य व्यक्ति नीलामी में सम्मिलित नहीं हो सकता हैं।
11. सफल निविदाकर्ता तत्काल कुल राशि जमा कर सामग्री को अगले 24 घण्टे के अन्दर सामान उठा लेवें। सामान उठाने/ले जाने हेतु नियोजित श्रमिक, वाहन तथा अन्य मदों पर हुआ व्यय संबंधित को वहन सफल निविदाकर्ता को करना होगा। यदि 01 माह तक सामग्री को नहीं उठाई जाती है, तो जमा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।
12. नीलामी में सरकारी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को भाग लेने की अनुमति नहीं होगी, ऐसा करने वाले सरकारी कर्मचरियों का कृत्य आचार नियमावली के प्रतिकूल समझा जायेगा।
13. किसी भी प्रकार के देय करों के भुगतान की जिम्मेदारी सफल निविदाकर्ता की होगी।

(रोहिताश पाठक)
डिवीजनल कमाण्डेन्ट,
होमगार्ड उज्जैन संभाग उज्जैन (म.प्र.)

जी-12611/25

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी, उज्जैन, जिला-उज्जैन (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 920/री-1/भू-अ./2025 उज्जैन ग्रामीण, दिनांक : 02/05/2025

प्र.क्रं.-0004/अ-82/2025-26

:: अधिसूचना ::

**प्ररुप - 'ख'**

**(नियम-5 का उपनियम (2) देखिए)**

क्रमांक अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि **सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के उपयोग हेतु ग्राम- कल्याणपुरा प.ह.नं. 89 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन** मध्यप्रदेश राज्य में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग उज्जैन, जिला उज्जैन द्वारा भूमिगत पाईपलाईन का कार्य किया जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईपलाईन, कार्य के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाईपलाईन बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक- 5 सन् 2013) की धारा-3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा-3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है, इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाईपलाईन बिछाये जाने के संबंध में **सक्षम प्राधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, उज्जैन, जिला-उज्जैन** मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

:: अनुसूची ::

| जिला | तहसील | ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक | खसरा क्रमांक | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| उज्जैन | उज्जैन | कल्याणपुरा/89 | 227 | 0.009 |
| | | | 228/2/1 | 0.053 |
| | | | 228/3 | 0.011 |
| | | | 228/1 | 0.006 |
| | | | 228/2/2 | 0.018 |
| | | | 231 | 0.029 |
| | | | 232/1 | 0.046 |
| | | | 232/2 | 0.034 |
| | | | 234 | 0.034 |
| | | | 243 | 0.050 |
| | | | 244/1 | 0.026 |
| | | | 245/342 | 0.031 |
| | | | 247/3 | 0.058 |
| | | | 269 | 0.013 |
| | | | 247/2/1 | 0.017 |
| | | | 258 | 0.043 |
| | | | 257/1 | 0.056 |
| | | | 260/1 | 0.090 |
| | | | 266 | 0.074 |
| | | | 267 | 0.018 |
| | | | 280 | 0.045 |
| | | | योग | 0.761 |

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं सक्षम प्राधिकारी,
उज्जैन जिला-उज्जैन (म.प्र.)
(कृतिका भीमावद)

जी-12633/25

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

# सम्पादकीय

## राहुल बोले और विवाद न हो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का पिछले दिनों संपन्न हुई विदेश यात्रा के दौरान ब्राउन विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण का वीडियो जारी हुआ है।इसके सामने आते ही एक बार फिर न केवल अखबारों की खबर बनी है बल्कि एक बहस भी उठ खड़ी हुई है। वैसे भी ऐसा कम ही होता है कि राहुल गांधी बोले और उन पर विवाद न हो। तिस पर पर यहां तो राहुल गांधी का वह भाषण सामने आया है जिसमें वह एक ओर भाजपा के हिन्दुत्व पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। यानी उसे मुख्यधारा का हिन्दुत्व न बताकर हाशिये का हिन्दू बता रहे हैं तो दूसरी ओर जरनैल सिंह भिंडरावाले के उभार के साथ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर सैनिक कार्रवाई और उसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या और फिर सिख विरोधी दंगों जैसी घटनाओं के संदर्भ में बात करते हुए इन्हें कांग्रेस की गलती बता रहे हैं। यह सब उन्होंने तब कहा जब एक सिख छात्र ने सिखों के साथ उनके संबंध की बात पूछी। दरअसल, पिछली यात्रा में राहुल गांधी ने कहा था कि वह भारत में इसलिए लड़ाई लड़ रहे हैं कि सिख अपनी पगड़ी पहन पा रहे हैं या नहीं।उनका आशय था कि भाजपा शासन में सिखों के लिए अपनी पहचान बचाना यानी पगड़ी पहनना तक मुश्किल हो जाएगा। इस संदर्भ में उनका कहना था कि सिखों के साथ उनके संबंध अच्छे हैं और कांग्रेस ने 80 के दशक में जो गलतियां की हैं, उसके लिए माफी मांगते हैं। भाजपा के हिन्दुत्व के संदर्भ में राहुल गांधी ने जो कुछ कहा उसके लिए तो भाजपा उन पर आक्रामक है, लेकिन असली मुद्दा जो उनके भाषण में से निकलकर आया है वह कांग्रेस की गलतियों के लिए उनके द्वारा माफी मांगे जाने की है। अब यह तो राहुल गांधी बता सकते हैं कि उन्होंने उस दौर में कांग्रेस के कार्य को किस बिना पर गलत ठहराया और माफी मांग रहे हैं तो किस हैसियत से मांग रहे हैं।कांग्रेस पार्टी की ओर से इस मामले पर अभी कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है, लेकिन राहुल को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए जिससे यह पता चले कि वह क्या कहना चाहते हैं।दूसरे, उन्होंने अतीत की गलतियों को तो परख लिया लेकिन वर्तमान में वह अपने हर भाषण के बाद कांग्रेस को मुसीबत में डालने वाला विवाद खड़ा कर देते हैं, इस पर उनकी नजर क्यों नहीं जाती। इस पर भी उन्हें ध्यान देना चाहिए अन्यथा हो सकता है कि कांग्रेस की अगली पीढ़ी को अपनी इस दौर की गलतियों के लिए माफी मांगनी पड़े।

### दैनिक विनय उजाला सुविचार

ईश्वर को पाने की चाह रखने वाले
संसार की हर चीज पा सकते है।

– डॉ. विनय दीवान, भोपाल

आकर्षण और प्रेम मे बस एक अंतर है,
आकर्षण एक लघु कथा है और वहीं प्रेम
पूरा काव्य और एक लम्बी समर्पित यात्रा।

– संजीव तिवारी

जब भी हम कोई चीज नज़रअंदाज
करते हो तो हम अपने जीवन में अच्छी
चीजें आने के लिये नई जगह बनाते हो।

– रश्मि तिवारी

दुनिया की सबसे बेहतरीन दवाई है,
जिम्मेदारी बस एक बार पी लीजिए,
जिंदगी भर आपको थकने नहीं देंगी।

– के.पी. जाट, भोपाल

सुख में सौ मिले, दुख में मिले न एक
साथ कष्ट में जो रहे, साथी वही है नेक।

– इंदर सिंह राठौर, पीथमपुर

### वीर सैनिकों से अपील




सजा वायु, जल, थल सेना, मन में अपार उत्साह भर लेना,
वीर जवानों पाकिस्तान पर जीत हर हाल में हासिल करना।
भर भीषण हुंकार पाकिस्तानी–माँद में घुसकर उन्हें पछाड़ना,
धरा से अम्बर तक प्रलय की ज्वाला जला अरि नष्ट करना।
देश के लिए शहादत देना पड़े तो मत कभी पीछे हटना,
दुश्मनों के इरादों का पर्दाफाश कर अपने देश को बचाना।
आतंकियों के आतंक से घिरी वसुधा को मुक्ति दिलाना,
तिरंगे की आन, बान, शान को कभी आँच आने न देना।
कश्मीर की वादियों में वन्दे–मातरम का नारा बुलंद करना,
बिन तुम्हारे वीरान है भारत–भूमि महत्व अपना न भूलना।
कर्तव्य–पथ पर बढ़ते हुए देश पर सर्वस्व न्यौछावर करना,
हिन्द की पहचान हो तुम समर्पण का भाव सजाए रखना।
हिमालय की तरह अडिग रह धरा को सुरक्षा प्रदान करना,
अखंड भारत का सपना साकार कर जग में सम्मान बढ़ाना।
सिंदूर उजड़ाने के पहले जाति पूछने वालों को याद दिलाना,
हिन्द देश है हमारा जाति हमारी हिन्दुस्तानी बताकर आना।

**डॉ. रेखा मण्डलोई 'गंगा' इंदौर**

अत्याधुनिक तकनीक से युक्त मल्टीरोल वाले मिराज 2000,राफेल जैसे कई विमान उड़े और अपनी सीमा के भीतर से ही रॉफेल मेटियॉर, स्काल्प मिसाइल, क्रिस्टल मैज़ मिसाइल, गाइडेड हैमर बम, स्पाइस 2000 बम, इस्राइल निर्मित पेववे-2 सुदर्शन लेजर बम जो इलेक्ट्रो ऑप्टिकल गाइडेड बम हैं और लक्ष्य तक जाने के लिए इंफ्रारेड या प्रकाश सेंसर का इस्तेमाल करते हैं, वगैरह से स्टैंड ऑफ अटैक किया।

# भारत-पाक जंग रक्षा तकनीक में तो हम पाक के बाप हैं..!

संजय श्रीवास्तव






सिंदूर अभियान और उसके बाद अब तक की सारी सफलता उत्कृष्ट रक्षा तकनीक और उसके इस्तेमाल के कौशल का कमाल है। इस अभियान के तहत सेना ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को बिना बार्डर पार किए नेस्तनाबूद किया और बौखलाए पाकिस्तान ने जब हमारे सैन्य ठिकानों, सीमा और दीगर इलाकों पर पचासों ड्रोन, मिसाइलों, बम वगैरह से हमले किए तो उन सभी को हमने वे कोई नुकसान पहुंचा सकें उससे पेशतर, अपनी तकनीक क्षमता, दक्षता से नाकाम कर दिया। बेशक सिंदूर अभियान की सबसे अहम बात थी इसका टेक्नोलॉजी–ड्रिवन एक्जीक्यूशन–भारतीय सेना ने पहली बार किसी रक्षा अभियान में इतने बड़े पैमाने पर तकनीक संचालित हथियारों, अति उन्नत तकनीक वाली रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल किया। सीमा के भीतर से सीमा के पार वार करने के लिये ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम से लक्ष्य की निशानदेही हुई, इसरो के उपग्रह कार्टोसेट ने रीयल टाइम इमेज दी, डीआरडीओ के यूएवी रुस्तम और नेत्रा ने जमीनी हरकतों, हलचलों को दर्ज किया तो स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म ने बढ़िया सुरागरसी की। खुफिया जानकारी जुटाई, आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस ने सटीक, निष्कंटक रास्ता बताया। सिगनिट के जरिये संचार सेवा आबाध रही तो मूवमेंट का पता दुश्मन को लगने पाये इसके लिये स्पेक्ट्रा जैमिंग प्रणाली से उनके रडार जाम किए गए, स्पूफिंग के जरिये नकली संकेत भेजकर उन्हें भ्रमित किया गया। इस दौरान दुश्मन की सुरक्षा को चकमा देने के लिये लाइटरिंग म्यूनेशन, कामकाजी ड्रोन तथा प्रकाशीय गोले डिकाय फ्लेयर्स ने शानदार कारगुजारी दिखाई, इन्होंने पाकिस्तानी वायु सुरक्षा को इस बावत धोखे में रखा कि हमला कहां हो रहा है या होने को है। अत्याधुनिक तकनीक से युक्त मल्टीरोल वाले मिराज 2000,राफेल जैसे कई विमान उड़े और अपनी सीमा के भीतर से ही रॉफेल मेटियॉर, स्काल्प मिसाइल, क्रिस्टल मैज़ मिसाइल, गाइडेड हैमर बम, स्पाइस 2000 बम, इस्राइल निर्मित पेववे–2 सुदर्शन लेजर बम जो इलेक्ट्रो ऑप्टिकल गाइडेड बम हैं और लक्ष्य तक जाने के लिए इंफ्रारेड या प्रकाश सेंसर का इस्तेमाल करते हैं, वगैरह से स्टैंड ऑफ अटैक किया। नौ आतंकी ठिकानों पर एक साथ हुए इस हमले और उनके तबाह हो जाने से झुंझलाए पाकिस्तान ने सीमा पर 50 से ज्यादा ड्रोन भेजे, इन के जरिये विस्फोट करने का इरादा था पर सेना ने एल–70 गन, ज़ेड यू–23 एमएम, शिल्का सिस्टम और दूसरे एंटी ड्रोन तकनीकी से उन्हें जमीन सुंघा दिया। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र यानी एस–400 ने न सिर्फ पाकिस्तान के कई जेएफ–17 जेट विमान मार गिराये बल्कि लाहौर में उनकी चीन निर्मित वायु रक्षा प्रणाली एचक्यू–9 भी ध्वस्त कर दी। उधर अरब सागर में तैनात विमानवाही जंगी जहाज विक्रांत ने अपनी अत्याधुनिक मिसाइल प्रक्षेपण तकनीक का प्रदर्शन करते हुए कराची में भीषण धमाका किया तो इस्राइल के बने बेहद सक्षम और मारक आत्मघाती ड्रोन हारूप ने भी इस संघर्ष में गज़ब का कौशल दिखाया। इसके अलावा भी तमाम तकनीकी प्रविधि, भारतीय सेना ने इस अभियान में इस्तेमाल किया। पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा अब तक चलाए गए सैन्य अभियानों में इतनी तकनीकी सघनता कभी नहीं देखी गई। चीन और तुर्की आदि देशों से दोस्ती के चलते पाकिस्तान ने भी सैन्य तकनीक में प्रगति की है, सो दोनों देशों के बीच पारंपरिक दुश्मनी अब तकनीकी जंग का रूप ले चुकी है। लेकिन सच तो यह है कि पाकिस्तान किसी भी स्थिति में सैन्य व रक्षा तकनीक में भारतीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर सकता। हमारे पास ज्यादा तकनीकी संसाधन, बहुत बड़ी आर्थिक क्षमता और तकनीक और विज्ञान संबंधी वैश्विक स्तर की सैन्य तथा रक्षा साझेदारियां हैं। डीआरडीओ के अलावा दर्जनभर संगठन, संस्थाएं, कंपनियां, आधुनिकतम आयुध तथा रक्षा प्रणाली के विकास में रत हैं। इसके अलावा देश में डिफेंस स्टार्टअप और घरेलू निर्माण भी तेजी पर है। भारत सैन्य बल, हथियारों और रक्षा तकनीक पर खर्च के मामले में दुनिया सबसे बड़े पांच सैन्य शक्तियों में से एक है। पाकिस्तान का इस सूची में नंबर बहुत नीचे है। पाकिस्तान मात्र नाभिकीय हथियारों की संख्या में ही भारत की बराबरी कर सकता है सैनिकों की संख्या, सैन्य संसाधन, विमान, पोत, हथियार और हथियार प्रणालियों के बारे में वह मीलों पीछे है। ऑपरेशन सिंदूर' में उच्च परिशुद्धता वाले हथियारों का जिस तरह प्रयोग किया गया और सरकार जिस पैमाने पर सेना के सभी अंगों के लिए हरबे, हथियारों की खरीद फरोख्त पर ध्यान और ज़ोर दे रही है। अगले एक दशक के भीतर भारत और विपन्न पाकिस्तान की सैन्य क्षमता के बीच इतना फासला होगा कि वह चीन, तुर्की की खुली मदद लेकर भी ऐसे पाट पाना तो दूर चौथाई तक भी नहीं पहुंचेगा। भारत का अभियान इंच दर इंच इतना सटीक था कि उसने बिन भटके बस लक्षित लक्ष्य को ही तबाह किया, कोई बेजा नागरिक नुकसान नहीं हुआ। इस शानदार सटीकता, अचूकता का श्रेय है सेनाओं के सम्मिलित प्रयास, सैन्य कौशल, साहस, शौर्य, शक्ति के साथ नई वार टेक्नोलॉजी, आधुनिक हथियारों और शस्त्र प्रणालियों के अद्भुत प्रदर्शन को। भारतीय सेना ने इस प्रदर्शन से स्पष्ट कर दिया है कि अब युद्ध की परिभाषा परिवर्तित होकर वह ताकत से ज्यादा तकनीक की लड़ाई बन गई है। इसमें सबसे आगे रहने के लिए वह आगे चलकर और भी कमाल रक्षा तकनीक विकसित और इस्तेमाल करेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद की प्रतिक्रिया सिर्फ पाकिस्तान को ही एक माकूल जवाब नहीं है बल्कि यह भविष्य की हाई–टेक वॉरफेयर स्ट्रैटेजी का ऐसा प्रदर्शन था, जिसे देश के बारे में बुरा सोचने वाले बाकी मुल्क भी सहमें। **( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं )**

### जिन हथियारों के दिखे जौहर

**इस अभियान में जिन हथियारों, विमानों, रक्षा प्रणालियों ने खास जौहर दिखाए उनमें से कुछ स्वदेशी हैं तो कुछ आयातित। ज्यादातर पहली बार काम आये और अपनी कीर्ति गाथा लिख गए**

#### स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागास्त्र–1

अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजीज और इजरायल की एल्बिट सिस्टम्स के सहयोग से राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला में विकसित ये ड्रोन झुंड में आकर लक्ष्य भेदते हुए अपने को निसार कर देते हैं। नागास्त्र–1, स्काई स्ट्राइकर, लोइटरिंग म्यूनिशन, 'कामिकेज़ या आत्मघाती ड्रोन हमले से पहले दुश्मन के इलाके में गश्त करते हुए रीयल टाइम में खुफिया जानकारी देते हैं, खुद निशाना साधते हैं और दुश्मन या लक्ष्य को देखते ही अचानक अपने आप फैसला लेते हुए तय निशाने पर जाकर खुद में विस्फोट कर लक्ष्य और अपने को उड़ा देते हैं। बैटरी से बे आवाज और बहुत नीचे उड़ने के चलते दुश्मन के नजरों से ओझल रहना इस ड्रोन की खसियत है, इसके अलावा चुपचाप सटीक हमला, कम खर्चे में ज्यादा नुकसान भी। 1 से 100 किलोमीटर तक से नियंत्रित किए जा सकने वाला मारक क्षमता वाला यह ड्रोन 30 से 40 किलो तक वारहेड ले जाने में सक्षम है। सेना ने पहली बार इसका प्रयोग किया है। सैन्य विशेषज्ञ कहते हैं यह सेंसर–टू–शूटर' युग की शुरुआत है यानी दुश्मन की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही उस पर हमला करने की रीत।

#### स्काल्प मिसाइलें

फायर एंड फगेट मोड पर काम करने वाली, फ्रांस और ब्रिटेन द्वारा साझा रूप से विकसित और यूरोपीय रक्षा कंपनी की बनी स्काल्प यानी एससीएलपी लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है। राफेल पर तैनात इन मिसाइलों ने गुलाम कश्मीर में जाकर सटीक लक्ष्य भेदने में प्रमुख भूमिका निभाई। ये मिसाइल कम ऊंचाई पर सबसोनिक यानी ध्वनि की रफ्तार से कम की गति पर दुश्मन के रडार से अदृश्य रहते बढ़ती है। हवा से लांच कर जमीन पर हमला करने की इसकी रेंज 500 किलोमीटर तक है। अपनी अधिकतम सीमा में यह किसी भी लक्ष्य को तलाश कर पूरी शत प्रतिशत सटीकता से निशाना बना सकती है। निशाने के पास पहुंचकर यह ऊपर उठती है, अपलोड फोटो से लक्ष्य का मिलान कर उसमें सिर के बल घुस जाते है। स्टार्म शैडो कही जाने वाली यह मिसाइल दुश्मन के मजबूत बंकर, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर वगैरह स्थिर लक्ष्यों पर जबर्दस्त हमला करता है। एक स्काल्प मिसाइल की कीमत आठ करोड़ रूपये है। इसका जलवा ईराक, सीरिया और लीबिया में देखा जा चुका है और यूक्रेन में दिख रहा है। स्काल्प वास्तव में फ्रांसीसी मिसाइल सिस्टम दे क्रोइसर आटोनमस लांग पोर्ट का संक्षिप्तीकरण है।

#### सेल्फ गाइडेड हैमर बम

फ्रांसीसी रक्षा कंपनी सफ्रान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस का बनाया हैमर यानी हाइली एजाइल मॉड्युलर म्यूनेशन एक्सटेंडेड रेंज बम अथवा एचएएमएमईआर ऐसे भीषण बम हैं जो मजबूत दीवारों, बंकरों, गतिशील आतंकी ठिकानों को भेदने के लिये हैं। इनमें जीपीसी, आइएनएस जैसे नैविगेशन तथा इन्फ्रारेड या सेमी एक्टिव लेजर गाइडेंस लगे हैं। इनकी मदद से अपने नियत निशाने को खुद पहचानकर उसे सौ फीसदी सटीकता के साथ भेदेंगे। ये रामबाण की तरह अचूक और अमोघ हैं। 15 से 70 किलोमीटर तक मार करने वाले हैमर बम मध्यम दूरी के लक्ष्यों को तबाह करने के लिए शानदार है। ये एक बार में छह लांच किए जा सकते है, मतलब एक ही समय में छह निशानों को भेदा जा सकता है। एक हैमर बम की कीमत 84 हजार रुपये है, इसे राफेल के अलाव तेजस तथा मिराज या सुखोई से भी दाग सकते हैं।

#### वायु रक्षा प्रणाली एस–400, सुदर्शन चक्र

ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं ने मिलकर अंजाम दिया। पर वायुसेना की भूमिका सभी के दिलोदिमाग में है। हवाई हमलों की अद्भुत कामयाबी के साथ हमें अपनी एयर डिफेंस यानी वायु रक्षा प्रणाली का भी शुक्रिया अदा करना होगा। ऑपरेशन में सबसे खास बात यह रही कि पाकिस्तान को चीन से मिला एयर डिफेंस सिस्टम एचक्यू 9 पूरी तरफ फेल रहा, उसके द्वारा किसी भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन, जेट को रोका नहीं जा सका। जबकि रूस निर्मित भारतीय वायु रक्षा प्रणाली सुदर्शन चक्र ने तमाम पाकिस्तानी विमानों और मिसाइलों को रोका, उन्हें नष्ट किया।

#### स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म

कुछ ही दिनों पहले डीआरडीओ ने मध्य प्रदेश में इसका सफल परीक्षण किया और फिर वह पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के पहले उसके लिए सुरागरसी करने सूचनाएं जुटाने के काम आया जिससे सटीक रणनीति बनी। यह बहुत बड़ा स गुब्बारा लड़ाकू विमान और ड्रोन से भी ऊंचा उड़ता है और अपने साथ लगे उपकरणों के माध्यम से बड़े क्षेत्र की जासूसी करता है, हवा से हल्का यह सिस्टम स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म' कम ही देशों के पास है।

### और ये हैं मैदान में आने वाले

#### एडवांस अंडरवॉटर नेवल माइन सिस्टम

डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने मिलकर इसे विशाखापत्तनम स्थित नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैब में विकसित इस समुद्री बारूदी सुरंग से दुश्मन का स्टील्थ शिप हो या पनडुब्बी कोई नहीं बचेगा। इसमें अलग–अलग तीन तरह की माइन की खूबियां एक साथ हैं; क्योंकि यह मैग्नेटिक, अकॉस्टिक और प्रेशर सेंसर तीन तरह के इनपुट का इस्तेमाल करती है। इसमें लो सिग्नेचर डिटेक्शन तकनीक जिससे माइन को दुश्मन के रडार या सोनार की नजर से बचाया जा सकता है। पानी में एक सामान्य दबाव के तहत तैरती माइन के करीब से कोई जहाज अथवा सबमरीन गुजरती है, तो सेंसर पानी का बदले दबाव भांपता है और फिर माइन में विस्फोट हो जाता है। मैग्नेटिक इंफ्लुएंस तकनीक पानी के अंदर धात्विक गतिविधियों को पहचानकर धमाका करता है। अकॉस्टिक इंफ्लुएंस टेक्नोलॉजी के तहत सेंसर आवाज और कंपन को दर्ज करता है, उसका पीछा करता है। जहाज या पनडुब्बी के प्रोपेलर से आने वाली आवाज अगर एक सीमा से अधिक हो जाती है, तो सुरंग सक्रिय हो जाती है। यह इतनी सटीक होती है कि गलत एक्टिवेशन की कोई आशंका ही नहीं रहती। यह जल्द ही नौसेना को मिलेगी। इसके अलावा उसे ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल भी मिलेगा जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इसका सोनार और संचार प्रणाली लाजवाब है। यह तकनीक भारतीय नौसेना को समुद्री सीमाओं निगरानी तथा आसन्न खतरों का पता लगाने में सहायक होगी।

#### लेजर वेपन सूर्या

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने मेक इन इंडिया'' तहत सूर्या नामक लेजर हथियार विकसित किया है जो लेजर वेपन्स की दुनिया में भारत का नाम रोशन करेगा। हथियार पर काम शुरू है, 2027 के बाद सेना को मिलेगा।

## होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। शहर के होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया।**

हालांकि पुलिस की जांच में यह धमकी अफवाह साबित हुई। एमपीसीए की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी भरा मेल भेजा गया था, जिसमें स्टेडियम को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। मेल प्राप्त होते ही एमपीसीए अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस, डॉग स्क्वाड और बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम ने स्टेडियम परिसर में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। स्टेडियम के चप्पे–चप्पे की तलाशी ली गई, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मेल प्रथम दृष्टया शरारतपूर्ण प्रतीत हो रहा है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना तुकोगंज और क्राइम ब्रांच ने पड़ताल की।

क्षेत्र 1 के वार्ड 16 में भारतीय सेना के लिए हुआ श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ

## सादगी के साथ आकाश विजयवर्गीय ने किया 1.5 करार के विकास कार्यों का भूमिपूजन




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं क्षेत्र 1 के विधायक कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के वार्ड क्रमांक 16 में भारत – पाकिस्तान युद्ध की परिस्थितियों के चलते भारतीय सैनिकों की शक्ति के लिए श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भारत की विजय की कामना की। कार्यक्रम में सादगी के साथ विकसित भारत के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।

उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए निर्दोष पर्यटकों पर हमला कर उनकी जान ले ली। रोते–बिलखते बच्चों, माता, बहनों के वीडियो हमने देखे हैं। अपने परिवार के साथ कुछ पल आनंद के मनाने गए लोगों को चुन–चुनकर, धर्म पूछकर गोली मार दी गई, लेकिन हमारे शीर्ष नेतृत्व ने इस आतंकी घटना का सख्त जवाब दिया। पहले आतंकी हमारी संसद तक पहुंच जाते थे, लेकिन जबसे मोदीजी प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने आतंकियों पर लगाम कस दी है। जम्मू–कश्मीर में पहले राष्ट्रपति शासन था। उस समय केंद्र का नियंत्रण होने की वजह से आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई थी, लेकिन भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है इसलिए जम्मू–कश्मीर में भी चुनाव करवाए गए और चुनी गई पार्टी को सत्ता दे दी गई। नई विधानसभा चुनने के साथ ही आतंकियों ने फिर आतंक मचाना शुरू कर दिया, लेकिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की तीनों सेनाओं ने यह संकल्प लिया कि हम इस आंतकी घटना का सख्त जवाब देंगे।

**मदर्स डे पर विशेष : मेरी जमाने में जो शोहरत है वह मेरी मां की बदौलत है**


## माँ, वह हस्ती जिसके आगे दुनिया की हर दौलत फीकी है




प्रवीण कक्कड़

माँ, वह हस्ती जिसके आगे दुनिया की हर दौलत फीकी है, जिसके चरणों में जन्नत है। पश्चिम ने भले ही मदर्स डे की नींव रखी हो, लेकिन हमारी संस्कृति तो युगों से हर दिन को माँ का ही मानती आई है। जिसने नौ महीने अपनी साँसों से मेरी साँसों को बुना, जिसने अपने सपनों को मेरे सपनों के लिए कुर्बान कर दिया, उस माँ के लिए साल का केवल एक दिन समर्पित करना? यह तो उस अथाह सागर को एक बूंद में समेटने जैसा है। नहीं, माँ के लिए तो हर पल, हर धड़कन, हर साँस उसी की अनमोल देन है। फिर भी, आज का यह दिन एक सुंदर अवसर है, उन ममतामयी आँखों को याद करने का और उस असीम ममता के आगे अपना शीश झुकाने का, जिसके आगे संसार की हर वैभव फीका पड़ जाता है। आइए, इस मदर्स डे पर हम उस दिव्य शक्ति को याद करें जो हमारे जीवन का आधार है। मां के आशीष को शब्दों में पिरोना नामुमकिन है लेकिन बस इतना कह सकता हूं कि मेरी जमाने में जो शोहरत है वह मेरी मां की बदौलत है।

आज मदर्स डे है, मैं उस हर मां के संघर्ष को याद कर रहा हूं जिसने ना जाने कितने दुख उठाकर अपने बच्चों की परवरिश की और उन्हें समाज में एक पहचान दिलाई। मैं अपनी हर गहरी भावना में अपनी मां को महसूस कर पाता हूं। अथाह ममता और प्यार को सराहने का दिन है। तुम्हारे महत्व को शब्दों में बाँधना तो असंभव है, माँ। तुम्हें परिभाषित करने के लिए तो दुनिया के सारे शब्द भी कम पड़ जाएँ।



**जिसके लबों पर कभी बद्दुआ नहीं होती,
बस एक माँ ही है, जो कभी खफा नहीं होती।**

हमारे भारत में तो एक नहीं, दो–दो बार नवदुर्गा का पर्व आता है, और पूरा देश सर्वशक्तिमान माँ की आराधना में डूबा रहता है। हम तो अपने देश को भी भारत माता कहते हैं और उसके सम्मान को सर्वोपरी रखते हैं। हमें जन्म देने वाली माता के प्रति हमारा सर हमेशा श्रद्धा से झूकता है। जो परंपरा भारत में अनादिकाल से चली आ रही है, उसे यूरोप और अमेरिका तक पहुँचने में सदियाँ लग गईं। इसलिए सबसे पहली बार अमेरिका में 1908 में अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस ने मदर्स डे की शुरुआत की। हम भारतीय किसी भी पर्व, किसी भी उत्सव, किसी भी परंपरा को कभी खारिज नहीं करते। हमारी संस्कृति ने हमेशा अच्छी परंपराओं और अच्छे विचारों का खुले दिल से स्वागत किया है। इसीलिए जब मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे या मातृ दिवस मनाने का प्रचलन भारत में पहुँचा, तो भारत के निवासियों ने इसे सहजता से स्वीकार कर लिया। उनके लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी, बल्कि एक स्वाभाविक परंपरा के रूप में उन्होंने इसे अपने जीवन में अपना लिया। माँ, वह शक्ति है जो धूप में तपती साड़ी के पल्ले की छाँव बनकर अपने बच्चों को झुलसने से बचाती है, तो कभी ईंटों के बोझ तले दबी अपनी कमर को सहलाते हुए भी बच्चों का पेट पालती है। वह स्वयं भूखी रहकर भी अपने बच्चों के थाल को स्वादिष्ट व्यंजनों से भर देती है। माँ का प्रेम का आंचल हमेशा अपने बच्चों पर छाया रहता है, हर मुश्किल और संघर्ष को सहकर भी वह उनकी बेहतरीन परवरिश करती है। माँ के दिए हुए अनमोल संस्कार ही तो हैं, जो बच्चों के चरित्र में आजीवन सुरक्षित रहते हैं।

### माँ का आशीर्वाद मेरे साथ चलता है...

मेरी प्यारी माँ, विद्या देवी कक्कड़, तुम्हें इस दुनिया से गए करीब साढ़े नौ साल हो गए, पर एक पल भी ऐसा नहीं लगता कि तुम मुझसे दूर हो। तुम्हारे चले जाने के बाद भी, तुम्हारा आशीर्वाद भावनात्मक रूप से हर पल मेरे साथ है। माँ, तुम्हारा साथ होना जीवन का सबसे सुखद अनुभव था। तुम्हारा स्पर्श अमृत के समान था। जीवन के हर उतार–चढ़ाव और चुनौतियों में, जब तुम्हारा हाथ मेरी पीठ पर होता था, तो बड़ी से बड़ी लड़ाई भी जीतने की ताकत आ जाती थी। आज समाज में जो थोड़ी बहुत मेरी प्रतिष्ठा है, मेरे प्रयासों को जो थोड़ी बहुत सराहना मिलती है, या जो पुरस्कार और सम्मान मुझे मिले हैं, वह सब तो माँ, तुम्हारे आशीर्वाद और तुम्हारे अटूट विश्वास का ही फल है। आज मदर्स डे पर तुम्हें याद करते हुए, तुम्हारे साथ बिताया हुआ हर पल मेरी आँखों के सामने जीवंत हो उठता है। मेरे व्यक्तित्व, मेरे स्वभाव, मेरी शिक्षा और दुनिया के ज्ञान में अगर किसी का सबसे ज़्यादा असर है, तो वह सिर्फ़ और सिर्फ़ तुम हो, माँ। तुम्हारे चले जाने के बाद भी, तुम्हारा आशीर्वाद एक अदृश्य शक्ति बनकर हमेशा मेरे साथ है।

### 1971 के बाद तीनों सेनाओं ने एक साथ सिखाया पाक को सबक...

# कई मायनों में ऐतिहासिक रहा ऑपरेशन सिंदूर

नई दिल्ली, एजेंसी

**7 मई 2025 को भारत ने आतंकवाद के खिलाफ इतिहास रचते हुए पाकिस्तान पर सबसे बड़ा और सबसे गहरा सैन्य प्रहार किया। इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया, जो सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीतिक क्षमता, राजनीतिक संकल्प और सैन्य तालमेल का प्रतीक बन गया है।**

यह ऑपरेशन न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारत के सैन्य इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से जुड़ी आतंकी गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को करारा झटका दिया। बता दें कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी जबकि 17 घायल हुए थे। यह हमला पहलगाम की बैसरन घाटी में किया गया था, जिसमें आतंकियों ने चुन-चुनकर लोगों को निशाना बनाया था। 1971 के बाद यह पहली बार हुआ जब थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने एक साथ साझा कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर गहराई तक हमला बोला। भारत ने आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाते हुए आतंकवाद के नेटवर्क की रीढ़ तोड़ दी।




## आतंकियों की लीडरशिप को खत्म करने की रणनीति...

पहली बार भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को नहीं, बल्कि नेतृत्व स्तर के आतंकियों को भी निशाना बनाया। 2001 संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले और हालिया पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंडों को खत्म करने पर केंद्रित यह हमला रणनीतिक दृष्टि से बेहद निर्णायक रहा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने में वह किसी भी हद तक जा सकता है। चाहे वह दुश्मन की धरती पर कितनी भी गहराई में क्यों न हो। यह पहली बार हुआ जब किसी देश ने खुले तौर पर एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के भीतर इतने अंदर तक सैन्य कार्रवाई की और सफल रहा।

## सबसे गहरा और सबसे बड़ा प्रहार

यह भारत की ओर से पाकिस्तान की धरती पर पिछले पांच दशकों का सबसे बड़ा और सबसे गहरा सैन्य अभियान था। इससे पहले 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल चेतावनी नहीं देगा सीधे कार्रवाई करेगा। इस ऑपरेशन में भारत ने पहली बार अपने अत्याधुनिक हथियारों का खुलकर प्रदर्शन किया, जिसमें स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हमर स्मार्ट बम और लॉइटरिंग म्यूनिशन (घूमकर निशाना साधने वाले ड्रोन) शामिल है। इन हथियारों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को अप्रभावी साबित कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 9 बड़े आतंकवादी हब को पूरी तरह ध्वस्त किया। इन ठिकानों से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी हाफिज सईद, मसूद अजहर और अल-कायदा जैसे संगठनों से जुड़े आतंकी गतिविधियों को संचालित किया जा रहा था। इन हमलों में दर्जनों आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

## बहावलपुर और मुरिदके जैसे गढ़ तबाह

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भीतर जाकर मुरिदके, बहावलपुर, सियालकोट जैसे प्रमुख स्थानों पर मिसाइल और हवाई हमले किए। यह वही क्षेत्र हैं जहां आतंकी संगठनों के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर मौजूद थे और जो वर्षों से भारत पर हमलों की साजिशें रचते आए हैं।

## पीएम मोदी का वादा हुआ पूरा

पहलगाम हमले में मारे गए 25 भारतीयों और 1 नेपाली नागरिक की शहादत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र से वादा किया था कि आतंकियों और उनके संरक्षकों को दंड मिलेगा। ऑपरेशन सिंदूर उस वादे को पूरा करने का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक नई रणनीति, नया आत्मविश्वास और भारत की नई सैन्य नीति की घोषणा है। अब भारत सिर्फ रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक रणनीति के साथ आतंक के ठिकानों पर सर्जिकल प्रहार कर रहा है। यह ऑपरेशन हमेशा याद किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का विशेष सत्र बुलाएं पीएम मोदी, सीजफायर के बाद बोले विपक्षी नेता

**नई दिल्ली।** पिछले 86 घंटों से भारत-पाकिस्तान के बीच जारी जंग अब थम गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल के बाद दोनों देश सीजफायर के लिए सहमत हो गए। इस कदम के बाद भारतीय नेताओं की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जी से आग्रह है कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर पहलगाम की आतंकी घटना से लेकर सीजफायर तक जानकारी देते हुए देश को भरोसे में लें ताकि समस्त भारतवासी संसद के माध्यम से एक स्वर एक ध्वनि में भारतीय सेना के शौर्य, वीरता और पराक्रम को धन्यवाद देते हुए विभिन्न पहलुओं पर विचार रखें और आतंक की प्रयोगशाला चलाने वाले देश आंतकिस्तान को समस्त भारत वर्ष से एक साझा संदेश जाए.। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लिखा, शांति सर्वोपरि है और सम्प्रभुता भी! वहीं, शिवसेना (उद्धव गुट) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, भारत की सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है, हमारी वायु रक्षा शानदार थी। बहुत बड़ा सलाम। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, चंडीगढ़, हरियाणा में हमारे लोगों को आपके साहस के लिए सलाम! बंदूकें भले ही खामोश हो गई हों, लेकिन भारतीयों ने पाकिस्तान और दुनिया से जोरदार और स्पष्ट रूप से बात की है 9 एकजुट भारत, मजबूत भारत।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच आतंक पर वीडियो, तनाव के बीच तुच्छ सियासत न करें : थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने एक वीडियो संदेश जारी कर भारत में बीते कुछ वर्षों में हुई आतंकवादी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब नया भारत शांति वार्ता नहीं करता। पार्टी के इस वीडियो संदेश पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंधों के इस दौर में सत्ताधारी दल को तुच्छ सियासत नहीं करनी चाहिए। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो पोस्ट कर



एक्स पर लिखा, दुश्मनों के लिए संदेश जोरदार और स्पष्ट है। हम शांति चाहते हैं! यूपीए शासन की निष्क्रियता के विपरीत, नए भारत के पास व्यर्थ शांति वार्ता के लिए कोई धैर्य नहीं है। इसके जवाब में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पोस्ट किया, ऐसे समय में जब पूरा देश भारतीयों के रूप में एकजुट है, हमें राजनीतिक रूप से विभाजित करने का यह तुच्छ प्रयास निंदनीय है। हमारी सरकार ने पिछले तरीकों की निरर्थकता कठोर तरीके से सीखी है। थरूर ने भाजपा की सरकार बनने के बाद 2016 में पठानकोट में हुई आतंकी वारदात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, पठानकोट विस्फोटों की जांच में भाग लेने के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित किया गया था। भारत ने सावधानीपूर्वक और परिपक्वता से सैन्य कार्रवाई का रास्ता अपनाया। ऐसे में यह विज्ञापन न तो उचित है और न ही परिपक्व। कृपया इसे हटा दें। जय हिंद!

### ओवैसी ने जमकर की आलोचना की, आतंकवाद के लिए इस्लाम का इस्तेमाल कर रहा है पाकिस्तान

**हैदराबाद, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम का इस्तेमाल सिर्फ दिखावे के लिए करता है, असल में उसका मकसद आतंकवाद को बढ़ावा देना है और भारत में धार्मिक नफरत फैलाना है। ओवैसी ने साफ कहा कि पाकिस्तान की हरकतें



धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक फायदे के लिए होती हैं। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान का डीप स्टेट यानी उसकी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई, इस्लाम का मुखौटा पहनकर अपने गैरकानूनी कामों और आतंकवाद को छिपाती है। उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमानों ने मोहम्मद अली जिन्ना की दो-राष्ट्र सिद्धांत को पहले ही खारिज कर दिया है और वे लोकतांत्रिक भारत में ही रहना पसंद करते हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान की दोहरी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर पाकिस्तान सच में मुसलमानों का हितैषी है तो वह अफगानिस्तान, ईरान और बलूचिस्तान में मुसलमानों पर बमबारी क्यों करता है? बलोच, अफगान और ईरानी भी मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पिछले 75 सालों से धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा, भारत में 23 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं, जिनके पूर्वजों ने जिन्ना का सिद्धांत ठुकरा दिया था। पाकिस्तान चाहता है कि भारत में हिंदू-मुस्लिम के बीच दरार बढ़े, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, जब भारत ने बहावलपुर में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था, तो वहां मारे गए आतंकियों की अंतिम नमाज एक ऐसे व्यक्ति ने पढ़ाई, जिसे अमेरिका ने भी आतंकी घोषित किया हुआ है - हाफिज अब्दुर रऊफ और उस जनाजे में लोग पाकिस्तानी सेना की वर्दी पहनकर शामिल हुए थे।

## भारतीय सेना ने किया पर्दाफाश

# घुटनों पर आए पाकिस्तान के पकड़े गए चार नए झूठ

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद भारतीय सेना ने प्रेस ब्रिफिंग के जरिए पड़ोसी देश की पोल खोल दी है। शनिवार शाम कॉमेडोर रघु आर नायर, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कमोडोर रघु आर नायर कहा, जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी सैन्य ऑपरेशन रोकने की सहमति पर पहुंच गए हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। इसके बाद प्रेस ब्रीफ में शामिल कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठों का खुलासा किया।



**पहला झूठ...** कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान के झूठे आरोपों का पर्दाफाश करते हुए बताया कि, अब मैं आपको पाकिस्तान की गलत जानकारी देने वाले कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ 17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो कि बिल्कुल गलत है।

**दूसरा झूठ...** कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान का कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू, पठानकोट, बठिंडा, नलिया और भुज में एयरबेस पर हमला किया है, ये भी बिलकुल गलत है।

**तीसरा झूठ...** पाकिस्तान के तीसरे झूठ को धराशायी करते हुए कर्नल सोफिया ने बताया कि हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको बताया था कि ये सभी चीजें सही सलमात हैं।

**चौथा झूठा...** पाकिस्तान की ओर से मस्जिदों पर हमले को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का खुलासा करते हुए कर्नल सोफिया ने कहा, पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर झलक है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंत में कहा कि हमने उनके सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकोबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को बेकार कर दिया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टालेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर्स और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताएं को नष्ट कर दिया गया। फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि भारतीय सेना पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

### पूर्व रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के एक्शन का किया समर्थन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने पाकिस्तान के खिलाफ जारी संघर्ष में भारतीय सशस्त्र बलों का पूरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों को पूरी छूट दे दी है और उनका पूरा समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर हमला किया। ऐसे में भारत ने नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सटीकता से कार्रवाई की। पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को तबाह करने के झूठे दावे फैलाए। कुपवाड़ा बारामूल, राजौरी और पुंछ में तोप मोर्टार से भीषण गोलीबारी की और भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सेना को काफी नुकसान पहुंचाया।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फेक न्यूज की बाढ़

#### 5000 पोस्ट सोशल मीडिया से हटाए

मुंबई, एजेंसी

**महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरों और गलत सूचना से जुड़े 5000 पोस्ट को सोशल मीडिया मंच से हटा दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।**

अधिकारियों के अनुसार, सेना की गतिविधियों, रणनीतिक अभियानों या पड़ोसी देशों की जवाबी कार्रवाइयों के बारे में फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर पाई गईं। अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध का पता लगाने वाली एजेंसी ने सैन्य संघर्ष से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार को लेकर परामर्श भी जारी किया है। सीनियर अधिकारी ने कहा कि ऐसी असत्यापित और भ्रामक सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। साथ हीं, संघर्ष को बढ़ाने में योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी ने सोशल मीडिया और संचार मंचों से ऐसी झूठी खबरों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

### पाकिस्तानी ऑपरेशन 'बुन्यान-ए-मर्सूस', का क्या मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने पिछले दो दिनों से उसने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की है। पड़ोसी मुल्क ने अपनी नापाक हरकतों को ऑपरेशन बुन्यान-ए-मर्सूस नाम दिया है। बुन्यान-ए-मर्सूस एक अरबी शब्द है। इसका शाब्दिक अर्थ होता है- बहुत ही मजबूत नींव। इमारत की ऐसी नींव जिसमें सीसे से जुड़ाई हुई हो या सीसे से बनी हुई बुनियाद, (अर्थात) वो बुनियाद जो बहुत मजबूत और ठोस हो। अब पाकिस्तान ने यह नाम क्यों चुना है यह तो वही बता सकता है।

#### पाक हरकतों पर पैनी नजर

### भारतीय सेना की आंख बने इसरो के सैटेलाइट

नई दिल्ली, एजेंसी

**पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की।**

इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्डों की सटीक पहचान करने, हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों, हथियारों व टुकड़ियों के मूवमेंट, राडार स्टेशनों की जानकारी दे रहा है।

साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट संवेदनशील व खुफिया जानकारी मिल रही



है। इसरो के 7 सर्विलांस उपग्रह से सेनाओं को सटीक इनपुट मिल रहा है। कार्टोसेट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, सैन्य ठिकानों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं। दिन की अच्छी रोशनी में इस सैटेलाइट से सीमावर्ती इलाकों में रियल टाइम तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स तक हासिल की जा सकती हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर... 200 किमी अंदर तक लगी पाकिस्तान को चोट

नई दिल्ली, एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। तब से पाकिस्तान अपनी नापाक चाल चल रहा है।**

चार दिन पाकिस्तान ने लगातार भारत के कई सीमावर्ती जिलों पर कई तरह के हमले किए। जिसमें मिसाइल, ड्रोन गोलीबारी के साथ-साथ नागरिक इलाकों में मोर्टार भी दागे। बीती रात पाकिस्तान की तरफ से भारत के कई एयरबेस को निशाना बना कर हमला किया गया, जिसे भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। वहीं इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के एक रडार साइट और एक एविएशन बेस पर भी लक्षित हमला किया है।



## नागरिक विमानों की आड़ में हमला कर रहा पाकिस्तान

वहीं आज विदेश मंत्रालय और सेना के अधिकारियों की प्रेस वार्ता में बताया गया कि, पाकिस्तान की ओर से सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश के बाद भारत ने पाकिस्तान के हथियार भंडार और सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान लाहौर से नागरिक विमानों की आड़ लेकर हमला कर रहा है।

### चकलाला एयरबेस

ये एयरबेस पाकिस्तान वायुसेना की लाइफलाइन है, इसे नूर खान एयरबेस के नाम से भी जाना जाता है। इसका नाम पाकिस्तानी एयरफोर्स के पूर्व प्रमुख एयर मार्शल नूर खान के नाम पर रखा गया है। ये ज्यादातर वीआईपी मूवमेंट और लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### मुरीद एयरबेस

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मौजूद ये एक प्रमुख सैन्य हवाई अड्डा है। इसका इस्तेमाल पाकिस्तान हवाई रक्षा, प्रशिक्षण और युद्ध से जुड़े अभियानों में करता है। यहां पर कई मानवरहित ड्रोन भी तैनात रहते हैं। ये एयरबेस राजधानी इस्लामाबाद से करीब 120 किमी दूर है।

### रफीकी एयरबेस

पंजाब प्रांत के झंग जिले में मौजूद रफीकी एयरबेस आक्रामक हवाई अभियानों के लिए जाना जाता है। इसका नाम 1965 के युद्ध में बलिदान हुए स्काड्रन लीडर सरफराज अहमद रफीकी के सम्मान में रखा गया है।

### रहीमयार खान एयरबेस

रहीमयार खान एयरबेस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। ये एयरबेस पाकिस्तानी एयर फोर्स का सक्रिय सैन्य हवाई अड्डा नहीं है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होने की वजह से इसका महत्व काफी अलग है। यह हवाई अड्डा नागरिक पाकिस्तान सिविल एविएशन अथॉरिटी की तरफ से संचालित किया जाता है।

### सुक्कुर एयरबेस

दक्षिणी वायु कमान के अंतर्गत, सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद के बीच स्थित जामशोरो जिले में एक सक्रिय ऑपरेशनल एयरबेस है। यह हाल ही में शुरू किया गया था और अब यहां 19 स्काड्रन और ऑपरेशनल कन्वर्जन यूनिट तैनात हैं। यहां से एफ-16ए/बी ब्लॉक 15 एडीएफ फाइटर एयरक्राफ्ट संचालित किए जाते हैं।

### चुनियांन एयरबेस

यह पाकिस्तान एयरफोर्स का एक प्रमुख ऑपरेशनल एयरबेस है। यह एयरबेस लाहौर से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण की ओर है। यह एयरबेस पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया बाबा महाकाल के दर्शन




**उज्जैन, निप्र।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुचकर श्री महाकालेश्वर भगवान का पूजन- अर्चन किया। पूजन संजय पुजारी व विकास पुजारी द्वारा सम्पन्न करवाया गया। इस दौरान आकाश पुजारी, दिनेश पुजारी, व शरदचंद्र पुजारी भी उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल ने प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निदेशानुसार वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आपातकालीन तैयारियों के अंतर्गत संभावित आपात स्थितियों के लिए उच्च अलर्ट पर रहने के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना जिला चिकित्सालय उज्जैन में करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उक्त कन्ट्रोल रूम में चिकित्सा विशेषज्ञों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कंट्रोल रूम में डॉ. अभिषेक जाटवा, डॉ. एच.पी. सोनानिया, डॉ. मुंशी खान, डॉ. भगवानसिंह डांगी, डॉ. चिन्मय चिन्चोलिकर की ड्यूटी लगाई गई है।

### क्विक रिस्पांस टीम का गठन करने के आदेश जारी

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण ने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आदेश दिए हैं कि नगरीय निकायों में QUICK RESPONSE TEAM का गठन किया जाये। जिसमें निकाय की अति आवश्यक सेवाओं पेयजल, साफ-सफाई व फायर बिग्रेड के अमले को शामिल करते हुये राजस्व विभाग, पुलिस, खाद्य, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुये 24X7 कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रचार-प्रसार करावें। वर्तमान परिस्थिति के दृष्टिगत निकायों में उपलब्ध फायर संसाधन, जनरेटर सेट, हाईड्रेट, वर्तमान में कार्यरत व (रिजर्व) इनटेक वेल, जलप्रदाय के स्त्रोत, पानी की टंकियों की सुरक्षा हेतु भी नियमित रूप से कर्मचारियों ड्यूटी लगाकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों किया जाना सुनिश्चित करते हुये की गई।

### 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आज होगा समापन

**नागदा जं., निप्र।** परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी अखण्डदीप के शताब्दी वर्ष और परम पूज्य गुरूदेव की प्रखर साधना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ नागदा - उज्जैन के नेतृत्व में ग्राम बेरछा में आयोजित पांच दिवसीय 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आज समापन होगा। आयोजन के चौथे दिन सभी संस्कार सम्पन्न कराये गये एवं देश की सीमा पर डटे जवानों के उत्साहवर्धन एवं कुशलता हेतु 9 कुण्डीय यज्ञ एवं दीपयज्ञ में आहूतियां दी गई। टोली नायक रामलाल पटेल ने प्रज्ञा पुराण कथा में परिवार निर्माण के सुत्र दिये गये। इस मौके पर कार्यकर्ता गोष्ठी भी सम्पन्न हुई जिसमें प्रज्ञामण्डल, महिला मण्डल, युवा मण्डल का गठन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहूति में 200 प्रज्ञा अभियान 200 युगनिर्माण एवं अखण्ड ज्योति पत्रिका के सदस्य बनाये गये। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ नागदा से डॉ. शीला ओझा एवं जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आसपास क्षेत्र के गांवो से सैकड़ो की संख्या में भाई-बहन मौजूद रहे।

### उज्जैन प्रवास के दौरान सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने किए भगवान महाकालेश्वर के दर्शन



**उज्जैन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन में प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये। दर्शन उपरांत सहायक प्रशासनिक अधिकारी आर.पी.गहलोत व भस्मार्ती प्रभारी आशीष दुबे द्वारा श्री पोरवाल का स्वागत व सत्कार किया गया।

## सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पूलिंग योजना के विकास हेतु किसान रथ रवाना




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** प्रेस क्लब के परिसर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुसार सिंहस्थ महाकुंभ 2028 का आयोजन भव्य, सफलतम रूप में आयोजित हो एवं स्थाई विकास की योजनाएं सिंहस्थ मेला क्षेत्र में आकर लें, इसके तहत लैंड पूलिंग योजना 2028 के विस्तार एवं किसान हित में समझाइश हेतु प्रेस क्लब उज्जैन द्वारा किसान रथ यात्रा का शुभारंभ प्रेस क्लब परिसर में किया गया। रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर नगर पालिका निगम की सभापति श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहैडा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पत्रकार सुनील जैन ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब परिवार की ओर से अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह हाड़ा ने किया। कार्यक्रम के सूत्रधार शैलेंद्र स्वामी मुस्कुरा के थे। इस अवसर पर किसानों के हित की लैंड पूलिंग योजना को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अंकुर रंगमंच समिति के कलाकार हफीज खान ने सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। समस्त कलाकार सिंहस्थ मेला क्षेत्र के ग्रामीण स्थलों पर सात दिनों तक रथ यात्रा के साथ नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी देंगे। इस मौके पर लैंड पुलिंग योजना के पेंपलेट का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। आभार प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने माना।

# कवयित्री डॉ. पुष्पा चौरसिया के दो काव्य संकलन का लोकार्पण हुआ

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** नारियों के द्वारा श्रेष्ठ काव्य रचने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। साहित्य सृजन की तुलना में बच्चों के लिए सरलता से लिखना कठिन है। बाल मनोविज्ञान को समझकर, बच्चों के लिए लिखने का सामर्थ्य सिर्फ नारी में है क्योंकि बच्चों की भावनाओं और कोमल मन में झांकना नारी के बस की ही बात है। ये विचार आचार्य



बालकृष्ण शर्मा ने मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के तत्वावधान में श्री रामजानकी मंदिर में आयोजित कवयित्री डॉ. पुष्पा चौरसिया के दो काव्य संकलन कुछ गाओ कुछ गुनगुनाओ एवं नारी-प्रकृति-पर्यावरण-सृष्टि का आधार के लोकार्पण पर सारस्वत अतिथि के रूप में व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, शशांक दुबे, प्रो. नागेश्वर राव, प्रो. शिव चौरसिया, डॉ. खुशाल सिंह पुरोहित, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किये।

अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने दिया। अतिथि स्वागत संदीप सृजन, अनिल पांचाल, अक्षय अमेरिया, श्वेतिमा निगम, राजेश रावल आदि ने किया। संचालन डॉ. पाँखुरी वक्त जोशी ने किया और आभार डॉ. उर्मि शर्मा ने व्यक्त किया।

## चौड़ीकरण मार्ग पर फाइनल सेंट्रल मार्किंग का कार्य पूर्ण

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर की प्रमुख आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है। जिसके क्रम में शनिवार को कोयला फाटक से लेकर कंठाल चौराहा तक फाइनल सेंट्रल मार्किंग एवं बियावानी चौराहा से होते हुए तेलीवाड़ा चौराहा तक मकानों के अंदर मार्किंग (लाल निशान) का कार्य एवं नोटिस देने का कार्य पूर्ण किया गया है। शीघ्र ही चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिसको लेकर



नगर निगम द्वारा संबंधित क्षेत्र के रहवासियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से सूचित किया जाएगा की चौड़ीकरण अंतर्गत निगम द्वारा कार्य प्रारंभ किया जाना है। जिसमें संबंधित भवन, भूमि स्वामी जगह को रिक्त करें ताकि चौड़ीकरण कार्य किया जा सके।

## नेत्रदानी शान्ताबाई का नेत्रदान सम्पन्न

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** जैन सोश्यल ग्रुप के सहयोग से नगर मे मरणोपरांत नेत्रदान करने व कराने वालो की सक्रियता के चलते दिनांक 10 मई को 97 वर्षीय नेत्रदानी श्रीमति शान्ताबाई महादेव राव परांजपे बिरलाग्राम निवासी का मरणोपरांत नेत्रदान जनसेवा अस्पताल में संपन्न हुआ। जैन सोश्यल ग्रुप के नेत्रदान प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया कि संदीप प्रभात शर्मा की सूचना व सहयोग से परिवार द्वारा चर्चा के उपरांत नेत्रदान हेतु नेत्रदानी के पुत्र अशोक परांजपे ने सहज रूप से स्वीकृति प्रदान की। गीता भवन न्यास बडनगर के नेत्रदान प्रभारी डॉक्टर जी एल ददरवाल अपनी टीम के सदस्य मनीष तलाच, चंचल पाटीदार व मोहनलाल राठौर के साथ जनसेवा बिरलाग्राम नागदा पहुँचे एवं नेत्रदान क्रमांक 713 सम्पन्न किया। जनसेवा



हास्पिटल के डॉ हरिशंकर कोष्टा, डॉ. नंदकिशोर जायसवाल व प्रेमलता एवं अन्य स्टाफ विशेष सहयोगी रहे। गीता भवन न्यास बडनगर व सोश्यल ग्रुप का प्रमाण पत्र जनसेवा हास्पिटल मे जनसेवा के ष्टस्ह्र डॉक्टर हरिशंकर कोष्टा, जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के अध्यक्ष धर्मेंद्र बम, ग्रुप के नेत्रदान प्रभारी ब्रजेश बोहरा, सक्रीय सदस्य सी ए कमलनयन चपलोत, अमित बम व रविन्द्र संघवी आदि की उपस्थिति मे नेत्रदानी के पुत्र अशोक परांजपे को सह सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

# 47 लाख की धोखाधड़ी कर भागा दोस्त पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपी फरार

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** नागदा शहर में 47 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसमें दोस्ती का नकाब ओढ़कर एक युवक ने अपने ही पुराने मित्र के साथ विश्वासघात कर डाला। फरियादी श्रेयांश जैन ने पुलिस थाना नागदा में अपने पुराने मित्र राहुल पोरवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

**क्या है पूरा मामला? :** फरियादी श्रेयांश जैन (36), निवासी महात्मा गांधी मार्ग, नागदा ने शिकायत में बताया कि आरोपी राहुल पोरवाल, निवासी प्रकाश नगर, गली नंबर 2, नागदा ने



व्यापारिक व निजी जरूरतों के नाम पर विभिन्न तिथियों में करीब 47 लाख रूपये उधार लिए थे। इस लेन-देन के संबंध में 29 दिसंबर 2024 को दोनों के बीच लिखित अनुबंध भी हुआ था।

राहुल ने इस राशि की अदायगी के लिए आईसीआईसीआई बैंक शाखा नागदा के बंद हो चुके खाते के 7 चेक दिए। जिसमें से एक चेक 9 लाख का 20 जनवरी 2025 को बाउंस हो गया। बैंक ने कारण बताया कि खाता पहले से ही ब्लॉक है।

फरियादी का आरोप है कि राहुल पोरवाल को पहले से पता था कि उसका बैंक खाता ब्लॉक है, इसके बावजूद उसने जानबूझकर बाउंस होने योग्य चेक जारी किए। यह कृत्य पूर्ण रूप से जानबूझकर की गई धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के अंतर्गत आता है। थाना नागदा की उप निरीक्षक योगिता उपाध्याय द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 209/2025 दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (क्नहस्) 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

**आरोपी की गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू :** पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। प्राथमिक जांच के अनुसार आरोपी फरार है और उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ पाया गया है। जल्द ही गैर-जमानती वारंट व LOC (Look-Out Circular) की कार्रवाई की जा सकती है। मामले में फरियादी श्रेयांश जैन ने कहा की राहुल पोरवाल ने मेरे भरोसे के साथ विश्वासघात कर, मेरी मेहनत की कमाई हड़प ली। मुझे कानून पर पूरा भरोसा है कि न्याय मिलेगा।

# कलेक्टर और एसपी ने अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों की ली बैठक

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शनिवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में जिले में अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के साथ बैठक की।




कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए की जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए की आरटीओ विभाग द्वारा यात्री बसों व अन्य वाहनों की समय-समय पर जांच की जाए तथा कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति यदि मिले तो तुरंत अवगत कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई की 7 रैपिड रिस्पांस टीम बना ली गई हैं। ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध है और समस्त प्रकार की दवाईयों की भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। कलेक्टर श्री सिंह ने पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण और सेतु निर्माण के समस्त निर्माण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। एमपीईबी को वार्निंग सिस्टम को एक्टिवेट करवाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पतालों में पावर बैकअप सिस्टम चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

डीजी सेट के साथ ही पावर बैक अप सिस्टम को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे की जांच कर उनके सुव्यवस्थित ढंग से संचालन किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा नगर पालिका निगम को निर्देश दिए गए कि फायर फाइटर सिस्टम को चेक कर लिया जाए तथा फायर स्टेशन अलर्ट पर रहें। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा कि सभी अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग अलर्ट रहें । आमजन पैनिक ना हों। एमपीईबी के द्वारा विद्युत प्रदाय से संबंधित सेवाओं को चाक चौबंद रखा जाए। बैठक में एडीएम श्री प्रथम कौशिक, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह तथा आरटीओ, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, खाद्य विभाग, नगर पालिका निगम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## कुंभकार महासंघ के नव नियुक्ति पदाधिकारियों का स्वागत

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुर्लीकर, मुख्य महासचिव मनोज प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मुन्ना भईया, प्रदेश मुख्य महासचिव पार्षद कैलाश प्रजापति द्वारा नवीन कार्यकरणी का विस्तार किया गया। जिसमे प्रथम बार उज्जैन जिला से राजेश प्रजापति को उज्जैन संभाग अध्यक्ष, गोकुल प्रजापति को प्रदेश सह सचिव पद पर मनोनित किया गया। इस अवसर पर महासंघ जिला उज्जैन के द्वारा श्री लश्करी प्रजापति समाज धर्मशाला नीलगंगा पर नव नियुक्ति पदाधिकारियों एवं मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मण्डल में हाई स्कूल में प्रदेश में 4th रैंक प्राप्त कर 99.4फीसदी अंक प्राप्त करने पर कु सुहानी प्रजापति पिता उत्तम प्रजापति ओर महासंघ उज्जैन जिला मुख्य महासचिव संदीप प्रजापति महाकाल की सुपुत्री कु दर्शिता प्रजापति को हाई सेकेंड्री 12th में 85प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होने पर स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छगनलाल चक्रवर्ती, राष्ट्रीय संगठन सचिव कैलाश चंद्र बोबरिया, प्रदेश मुख्य महासचिव पार्षद कैलाश प्रजापति, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, सासंस्कृति विभाग के प्रदेश संयोजक दुलीचंद्र कवि, द्वारा नव नियुक्ति पदाधिकारियों का साफा पहनाकर एवं आकर्षक दुपट्टा पहनाकर कर सम्मान किया गया एवं उत्कृष्ट छात्राओं का सम्मान पुष्प माला शॉल एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप प्रजापति ने किया।

## बालिका शिवानी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी टॉपर

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** जैसे अंधकार में रोशनी चमकती है, इस तरह अगर मन में विश्वास हो और कड़ी मेहनत की जाय तो सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। इसी का उदाहरण है सर्व प्रयास सामाजिक संस्था महिदपुर रोड शाखा द्वारा गोद ली गई शासकीय विद्यालय की बालिका शिवानी सेन जिसमें दसवीं क्लास की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है। संस्था द्वारा बताया गया कि शिवानी के पिता नहीं है एवं शिवानी कहीं भी ट्यूशन नहीं जाती है। शिवानी ने कड़ी मेहनत यह सफलता हासिल की है। इसी तरह संस्था ने 31 पितृविहीन बालिकाएं गोद ले रखी है जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इन सभी बालिकाओं ने कड़ी मेहनत से अपने परिवार, विद्यालय एवं संस्था का नाम रोशन किया है।



जिसमें से नागदा शासकीय विद्यालय की कक्षा 12वीं की मुस्कान शेर 71प्रतिशत, कक्षा दसवीं की तनु सोनी 79 प्रतिशत, महिदपुर रोड शासकीय विद्यालय कक्षा 12वीं की परी सेन 75 प्रतिशत एवं कक्षा 11 की कोमल कैथवास 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। संस्था बालिकाओं का भविष्य उज्जवल बनाने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। हमारा छोटा सा प्रयास किसी का जीवन बदल सकता है।

# मध्य प्रदेश 7 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक के साथ खेलों इंडिया यूथ गेम्स की पदक तालिका में देश में अव्वल

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बिहार में चल रहे खेलों इंडिया यूथ गेम्स के अंतिम 2 दिनों में खेले गये व्यक्तिगत मुकाबलों में मध्यप्रदेश के देवेंद्र पाटीदार ने 3 स्वर्ण एवं सिद्धि गुप्ता ने 2 स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। इस अवसर पर मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मेनपाल ऐलवाल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया। व्यक्तिगत मुकाबलो में मध्यप्रदेश टीम के




प्रतिभाशाली खिलाडी देवेंद्र पाटीदार ने आलराउंड स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पोल मल्लखंब एवं हैंगिंग मल्लखंब पर स्वर्ण पदक तथा रोप मल्लखंब पर रजत पदक प्राप्त किया, महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की सिद्धि गुप्ता ने आलराउंड स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पोल मल्लखंब पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वही यतीन कोरी ने आलराउंड रजत पदक व पोल मल्लखंब पर कांस्य पदक प्राप्त किया।

टीम की गौरवमयी उपलब्धि का श्रेय द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच योगेश मालवीय के कुशल एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन को जाता है। इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण प्रदीप अस्तेया, इंटरनेशनल मल्लखंब अंपायर डॉ. आशीष मेहता, टीम मैनेजर संतोष राठौड़, प्रशिक्षक चंद्रशेखर चौहान, भारत सिंह बांधेवाल, शिवांश कौशल, श्वेता चौहान,लोकेश नायक तथा राष्ट्रीय अंपायर दर्शनी त्रिपाठी एवं मनीष पवार विशेष रूप से उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान के बैनर तले निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

# तिरंगा यात्रा मैं शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान उज्जैन के बैनर तले आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे सम्मान का प्रतीक तिरंगा और भारतीय सेना के सम्मान में दिनांक 12 मई सोमवार को प्रात: 9 बजे शहीद पार्क से फव्वारा चौक तक विशाल तिरंगा यात्रा



निकाली जाएगी। जिसमें सहभागिता को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आवश्यक बैठक ली। बैठक में तय किया गया कि तिरंगा यात्रा मैं अधिक से अधिक आमजन की सहभागिता हो। तिरंगा यात्रा मैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे।

बैठक में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, जगदीश अग्रवाल, रूप पमनानी, प्रभुलाल जाटवा सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन जगदीश पंचाल ने किया। आभार मुकेश यादव ने माना। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल लोक अदालत में 39 मामलों का हुआ निराकरण




**हरसूद, निप्र।** शनिवार को सिविल न्यायालय हरसूद परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 39 मामलों का निराकरण कर 11 लाख 44 हजार 88 रूपए राषि के अवार्ड पारित किए गए। सिविल न्यायालय हरसूद में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ षनिवार सुबह साढे 10 बजे अपर जिला न्यायाधीश तथा तहसील विधिक सेवा समिति हरसूद अध्यक्ष श्री पुष्पक पाठक एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ हरसूद श्री सिद्धार्थ कुमार द्वारा मा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। श्री पुष्पक पाठक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक अदालत के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने पर अधिवक्ताओं एवं सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों तथा पक्षकारों की प्रशंसा की। षनिवार को नेषनल लोक अदालत में 39 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 11 लाख 44 हजार 88 रूपए की राषि के अवार्ड पारित हुए तथा 45 व्यक्ति लाभान्वित हुए। इस अवसर पर अधिवक्ता संध हरसूद अध्यक्ष गौरीशंकर टाले एवं अन्य अधिवक्तागण तथा समस्त न्यायिक कर्मचारीगण, नगर परिषद के कर्मचारी, बैंक प्रबंधक, आयुष विभाग के चिकित्सक तथा पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल के लिए सुबह से शाम तक परेशान होते रहे लोग



**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद-छनेरा में स्थित पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की कील्लत के चलते शनिवार सुबह से लेकर षाम 7 बजे तक लोग परेषान होते रहे। पेट्रोल डीजल के लिए वाहन चालक इस पंप से उस पंप तक दौड लगाते रहे। लेकिन पंपों पर पेट्रोल-डीजल की किल्लत के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पडा। हालांकि कुछ पंपों पर इमरजेंसी वाले लोगों को पेट्रोल-डीजल दिया गया। षनिवार को पेट्रोल-डीजल की किल्लत के चलते नया हरसूद-छनेरा के पंपों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस संबंध में पंपों पर कार्यरत कर्मचारियों का कहना था कि आगे से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान : उतावली चेक डेम पर श्रमदान एवं गहरीकरण कार्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने मानव-श्रृंखला बनाकर किया श्रमदान



**बुरहानपुर, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शनिवार को जिला प्रशासन ग्राम पंचायत एमागिर्द अंतर्गत उतावली चेक डेम पहुंचा। यहां पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित रहा। हाथों में ग्लव्स, चेहरे पर मास्क सहित सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से उतावली चेक डेम पर सफाई कार्य किया। देशभक्ति गीतों के साथ जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने मानव-श्रृंखला बनाकर श्रमदान के दौरान एकत्रित हुए कचरे को उचित निपटान हेतु आपसी सहयोग से ट्रेक्टर-ट्रॉली तक पहुंचाया। अधिकारी-कर्मचारियों ने गेती, फावड़ा उठाकर कचरे को इकट्ठा किया। इस कार्य में सभी ने आगे आकर सहभागिता की। जेसीबी के माध्यम से गहरीकरण का कार्य किया गया। विदित है कि, जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार विभागों के समन्वय से कार्य किये जा रहे हैं। सभी विभाग इस अभियान में अपनी सहभागिता दे रहे है। क्षेत्रों में जन सहयोग से भी कार्य किये जा रहे है। अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान ने जिलेवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने की अपील की है।

आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत बैठक आयोजित

# कलेक्टर ने विभागों को सक्रियता, समन्वयता, गंभीरता से कार्य करने के दिये निर्देश फिल्ड भ्रमण करें एवं सूचना तंत्र मजबूत रखें

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशों के परिपालन में आपदा प्रबंधन अंतर्गत कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों, अन्य विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित रही। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने अधिकरियों से चर्चा करते हुए विभागीय सेवायें दुरस्त रखने, आपसी समन्वयता एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि, सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें तथा जिले में नागरिक सुरक्षा योजना के तहत तैयारियां सुनिश्चित रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण निकाय, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, होमगार्ड, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, बीएसएनएल, पीएचई विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय सहित अन्य विभागों से विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निर्देशानुसार जिले में नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष 24X7 संचालित रहेगा। पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार ने



कहा कि, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से बैठक लेवें। अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। उन्होंने कहा कि, सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की शांति को प्रभावित करने वाली कोई भी गतिविधि सोशल मीडिया पर नजर आती है तो तुरंत कानूनी कार्यवाही की जायेगी। किसी भी घटना एवं गतिविधि की सूचना तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी को देवें।

#### यह दिये महत्वपूर्ण निर्देश

1. आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जिले के समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां, उपकरण उपलब्ध रहें। डॉक्टर मय स्टॉफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। 2. जिले में पर्याप्त खादय सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित रहें। 3. लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करें कि, पेयजल की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहें। 4. जिलों के अतिसंवेदनशील स्थलों की सूची को अद्यतन करने के निर्देश दिये गये। जिसमें अस्पताल, पावर प्लांट, तेल एवं गैस के डिपो, धार्मिक स्थल, भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन कर रखी जाए। 5. ग्राम एवं पंचायत स्तर पर नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने की कार्यवाही करें जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनी रहे। 6. अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखने एवं उपकरणों की जांच करने के निर्देश दिये गये। 7. संचार सेवाओं को सुचारू रखा जायें। इस हेतु दूरसंचार कंपनियों के साथ समन्वयता से कार्य करें। 8. आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये वहीं गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी एवं सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था के संबध में भी निर्देश दिये गये। बैठक में डीएफओ श्री सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कैडेट्स देश प्रथम की भावना के साथ कार्य करें : कर्नल मोहन तिवारी





विनय उजाला

**महू, निप्र। एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर का प्रशिक्षण सत्र 2025 के प्रथम वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, 1 मई से 10 मई तक आयोजित किया गया।**

शिविर के कैम्प कमांडेंट कैम्प कर्नल मोहन तिवारी के कैम्प समापन के अवसर पर कैडेट्स से आग्रह किया कि वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कैडेट्स देश प्रथम की भावना के साथ कार्य करें। राष्ट्र निर्माण में कैडेट्स अहम भूमिका निभा सकते है। कर्नल तिवारी ने बताया कि इस कैंप का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स में राष्ट्र निर्माण के साथ साथ नेतृत्व के गुण विकसित करना था।

इसके लिए सभी कैडेट्स अपने स्तर पर पानी, ऊर्जा, खाद्य पदार्थों का अपव्यय रोक कर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाए। इसके साथ ही इस शिविर में बटालियन स्तर पर कैडेट्स का प्राथमिक तौर पर आगामी थल सैनिक कैंप नई दिल्ली एवं गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली 2026 हेतु उत्कृष्ट कैडेट्स का चयन करना भी था। इस शिविर कैडेट्स को ए, बी तथा सी प्रमाण पत्र परीक्षा की तैयारी भी करवाई गई।इस शिविर में आए सभी कैडेट्स को ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट, कम्युनिकेशन, सिविल डिफेंस प्राथमिक उपचार, सैन्य इतिहास, व्यक्तित्व विकास, मेप रीडिंग आदि विषयों के बारे में भारतीय सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

कैंप के समापन अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।, कैडेट्स ने मालवी, निमाड़ी तथा आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए।कुछ कैडेट्स ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीत गाकर कैडेट्स में देश भक्ति का जोश भर दिया।

इस शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल वरुण भारतीय, कैम्प एडजूटेंट मेजर डॉ संजय सोहनी, सूबेदार मेजर बृजेश कुमार थे।

शिविर में कुल 581 कैडेट्स इंदौर, महू, मनावर, सेंधवा, बड़वानी, खरगोन, महेश्वर मंडलेश्वर धामनोद, धार आदि के कैडेट्स भाग लिया, जिन्हें 10 एनसीसी अधिकारी तथा 20 सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर प्रशिक्षण दिया गया।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने घटाई होम लोन की ब्याज दरें, नई दरें 8.00% प्रति वर्ष से शुरू

विनय उजाला

**मुंबई। भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00% * प्रति वर्ष ( पहले 8.40त्न प्रति वर्ष ) से शुरू होंगी।**

ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और 15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकर्ताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है।

इसके अलावा, बैंक तैयार संपत्तियों, होम लोन शिफ्टिंग आदि के लिए महिला उधारकर्ताओं के लिए 0.05% प्रति वर्ष और 40 वर्ष से कम आयु के उधारकर्ताओं के लिए 0.10% प्रति वर्ष की रियायत भी दे रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के होम लोन पर घटी हुई दरें घर की खरीद को और अधिक किफायती बना देंगी। हम कुछ विशेष महत्वपूर्ण सेगमेंट के लिए विशेष रियायतें भी दे रहे हैं।

जहां एक ओर ये संशोधित दरें घर खरीदने का सपना देखने वाले ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी ऋण समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, वहीं दूसरी ओर इससे पसंदीदा हाउसिंग फायनांस भागीदार के रूप में हमारी स्थिति और सुदृढ़ होगी। बैंक की होम लोन बैलेंस ट्रांसफर योजना, अन्य बैंकों और एनबीएफसी के उधारकर्ताओं को न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण और शीघ्र प्रोसेसिंग के साथ, अपने होम लोन को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अंतरित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हुए उन्हें कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करती है।

### सेजल ग्लास ने स्न्ङ्घ25 में 3 गुना नेट प्रॉफिट वृद्धि दर्ज की

विनय उजाला

**मुंबई। सेजल ग्लास लिमिटेड (NSE: SEJALLTD, BSE: 532993), प्रमुख आर्किटेक्चरल ग्लास निर्माता, ने ऑडिटेड Q4 और FY25 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की।**

**Q4 FY25 एकत्रित वित्तीय प्रमुख बिंदु :** कुल आय रु. 67.90 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 35.19%, EBITDA रु. 9.84 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 68.31%, EBITDA मार्जिन (%) 14.49%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 285 बीपीएस, नेट प्रॉफिट रु. 3.78 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 1,080.86%, नेट प्रॉफिट मार्जिन (%) 5.57%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 493 बीपीएस, प्रति शेयर आय (EPS) रु. 3.75, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 1,109.68%।

**Q4 FY25 स्टैंडअलोन वित्तीय प्रमुख बिंदु :** कुल आय ? 21.86 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 20.99त्न, EBITDA रु. 6.27 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 227.64%, EBITDA मार्जिन (त्न) 28.69%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 1,809 बीपीएस, नेट प्रॉफिट रु. 4.17 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 3,944.38%, नेट प्रॉफिट मार्जिन (%) 19.10%, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 1,853 बीपीएस, प्रति शेयर आय (EPS) रु. 4.13, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 4,030.00%।

## पशिचम रेलवे ने पार्सल व्यवसाय और राजस्व को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों की बैठक आयोजित की





विनय उजाला

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट स्थित अपने मुख्यालय में श्री तरुण जैन, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) के नेतृत्व में पार्सल ग्राहकों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में पार्सल सेवाओं को बढ़ाने और राजस्व बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए वाणिज्यिक और परिचालन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न डिवीजनों के 20 से अधिक प्रमुख पार्सल लीजधारकों और एग्रीगेटर्स को एक साथ लाया गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक ने नए वित्तीय वर्ष के लिए आगामी पहलों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें मिक्सड विशेष ट्रेनें, वंदे भारत पार्सल ट्रेनें, डीम्ड वीपी और संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवाएं शुरू करना शामिल है। इन नवाचारों का उद्देश्य रेलवे की रसद पेशकशों को मजबूत करना और पार्सल आवाजाही में दक्षता में सुधार करना है।

हितधारकों को पार्सल व्यवसाय का समर्थन और विस्तार करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने संवाद में सक्रिय रूप से भाग लिया, अपने जमीनी अनुभव साझा किए और परिचालन को बढ़ाने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए। हितधारक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, रेलवे प्रशासन ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को और अधिक सहायक और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबोधित किया जाएगा। बदले में, पार्सल लीज़होल्डर्स ने राजस्व वृद्धि और सेवा सुधारों को आगे बढ़ाने में अपनी निरंतर भागीदारी का वचन दिया।

पश्चिम रेलवे ग्राहकों और अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए अपनी पार्सल सेवाओं को मजबूत करने के लिए मजबूत हितधारक संबंधों को बढ़ावा देने और नवाचार का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कलेक्टर बॉथम ने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं और सतर्कता को लेकरविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक ली

**रतलाम, निप्र।** रतलाम 10 मई 2025। कलेक्टर श्री राजेश बॉथम ने जिले की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं और सतर्कता को लेकर विभागीय अधिकारियों की एक बैठक शनिवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में ली। कलेक्टर श्री बाथम ने बताया कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए जिले में सभी आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित कर ली जाए। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओ को और अधिक मजबूत कर ले। वर्तमान हालातो को देखते हुए जिले में पूरी सतर्कता रखी जाए। पुलिस, राजस्व सहित सभी




विभाग आपसी समन्वय रखकर कार्य करे तथा अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू करे। सभी विभाग परस्पर तालमेल रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करे।कलेक्टर श्री बाथम ने बताया कि नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े विभाग के अधिकारी और फील्ड अमला किसी प्रकार के अवकाश पर नहीं जाए तथा नागरिक सुविधाओं को सुचारू रखने में तत्पर रहे। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिक सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे, न ही भ्रामक जानकारी पोस्ट, कमेंट और शेयर करे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को ओर अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दे तथा सोशल मीडिया पर नकारात्मकता फैलाने वाली पोस्ट को रीपोस्ट, कमेंट, शेयर न करे। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख से कहा कि जागरुक होकर अपने दायित्वो का निर्वहन करे। होटल लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों के आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी ली जाए।

बाजार भाव

इंदौर मंडी

## सोयाबीन तेल तेज

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने 10 शस्त्र लाइसेंस निलंबित और 1 निरस्त किया




**झाबुआ, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नेहा मीना ने शस्त्र लाइसेन्स धारियों के विरुद्ध अपराध प्रचलित/विचाराधीन होने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 (3) में निहित प्रावधानों के तहत 10 शस्त्र लाइसेंस निलंबित और 1 शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**झाबुआ, निप्र।** राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई की साप्ताहिक शृंखला में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत जन जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ एम एल मालवीय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली राजवाड़ा से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल पहुंची। नर्सिंग कॉलेज झाबुआ की छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं नशे से हानि एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर तम्बाकू निषेध कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ देवेंद्र भायल, डीपीएम श्री आर आर खन्ना, अस्पताल मैनेजर श्री अखलेश बघेल, एम एन्ड ई अधिकारी श्री प्रणय टेम्परे एवं नर्सिंग ट्युटर एवं छात्राएं, सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे।

## आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत बैठक आयोजित

# विभागों को सक्रियता, समन्वयता, गंभीरता से कार्य करने के दिए निर्देश, फील्ड भ्रमण करें एवं सूचना तंत्र मजबूत रखें : कलेक्टर सिंह

विनय उजाला



**बुरहानपुर, निप्र।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशों के परिपालन में आपदा प्रबंधन अंतर्गत कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों, अन्य विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित रही। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने अधिकरियों से चर्चा करते हुए विभागीय सेवायें दुरस्त रखने, आपसी समन्वयता एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि, सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें तथा जिले में नागरिक सुरक्षा योजना के तहत तैयारियां सुनिश्चित रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण करने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण निकाय, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, होमगार्ड, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, बीएसएनएल, पीएचई विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय सहित अन्य विभागों से विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निर्देशानुसार जिले में नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष 24ग7 संचालित रहेगा। पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार ने कहा कि, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से बैठक लेवें। अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। उन्होंने कहा कि, सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की शांति को प्रभावित करने वाली कोई भी गतिविधि सोशल मीडिया पर नजर आती है तो तुरंत कानूनी कार्यवाही की जायेगी। किसी भी घटना एवं गतिविधि की सूचना तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी को देवें।

### कलेक्टने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जिले के समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां, उपकरण उपलब्ध रहें। डॉक्टर मय स्टॉफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे।
2. जिले में पर्याप्त खादय सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित रहें।
3. लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करें कि, पेयजल की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहें।
4. जिलों के अतिसंवेदनशील स्थलों की सूची को अद्यतन करने के निर्देश दिये गये। जिसमें अस्पताल, पावर प्लांट, तेल एवं गैस के डिपो, धार्मिक स्थल, भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन कर रखी जाए।
5. ग्राम एवं पंचायत स्तर पर नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने की कार्यवाही करें जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनी रहे।
6. अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखने एवं उपकरणों की जांच करने के निर्देश दिये गये।
7. संचार सेवाओं को सुचारू रखा जायें। इस हेतु दूरसंचार कंपनियों के साथ समन्वयता से कार्य करें।
8. आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये वहीं गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी एवं सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था के संबध में भी निर्देश दिये गये। बैठक में डीएफओ श्री सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की पर्याप्त और सुचारू निगरानी हो : कलेक्टर

विनय उजाला



**धार, निप्र।** पीथमपुर जिले का ही नहीं, बल्कि देश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जिसके उद्योग संयंत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होना चाहिए ।पीथमपुर क्षेत्र में उद्योगों सहित नागरिक क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ये निर्देश दिए । कलेक्टर ने औद्योगिक संयंत्रों का निरीक्षण भी किया और वहां अग्नि सुरक्षा सहित अन्य सुरक्षा प्रणालियों को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए । श्री मिश्रा ने उद्योगों में सायरन लगाने और ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण स्थलों पर विशेष सतर्कता बनाए रखने हेतु सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी एसडीएम, सीएमओ एवम अन्य अधिकारियों को प्रदान किए।

पीथमपुर में आयोजित आपदा प्रबंधन समीक्षा बैठक में एसडीएम राहुल गुप्ता, तहसीलदार जयेश प्रताप सिंह, सीएमओ निशिकांत शुक्ला, एमपीआईडीसी के अधिकारी, उद्योगों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

## नेशनल लोक अदालत में मारपीट के आपसी विवाद का हुआ अंत

विनय उजाला



**धार, निप्र।** जिला देवास निवासी आवेदक महेन्द्र पिता किशोर द्वारा पुलिस कोतवाली धार में रिपोर्ट की गई की गयी कि वह ससुर के घर के पास रहने वाले आरोपी अनूप ठाकुर पिता तोलाराम ठाकुर के द्वारा बातचीत के दौरान गाली-गलौच की गई, और मना करने पर आरोपी द्वारा उसके सिर पर मारा गया, तथा थाना कोतवाली धार द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमती नताशा शेख पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धार के समक्ष चालान प्रस्तुत किया गया।

माननीय न्यायालय द्वारा आपराधिक प्रकरण क्र. 402/2025 में आरोपी की ओर नि:शुल्क विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार में पत्र प्रेषित किया गया। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार द्वारा तथा चीफ लीगल एड डिफेंस कान्सिल श्री सतीश ठाकुर के आदेशानुसार प्रकरण में पैरवी हेतु एल.ए.डी.सी.एस/डिफेंस अधिवक्ता श्रीमती रूबीना बानो शाह को नियुक्त किया गया। श्रीमती रूबीना द्वारा दोनों पक्षों को समझाईश की गई, और नेशनल लोक अदालत से प्रकरण का निरांकरण करने के लाभ से अवगत कराया गया व दी गयी समझाईश के परिणामस्वरूप प्रकरण में दोनों पक्ष राजीनामा हेतु तैयार हुए व मारपीट के पुलिस केस को राजीनामा के द्वारा समाप्त किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी मालवा प्रान्त का 07 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर हो रहा आयोजित

# बहन बेटियो को जागृत करने व प्रशिक्षित एवं भविष्य की चुनौतियों से करने के लिए मुकाबला नगर में पहली बार अभूतपूर्व शिविर

विनय उजाला

**सनातनियो को सजग होने का आ गया समय**

**पेटलावद, निप्र।** आज सनातन धर्म लगातार चुनोतियों का सामना करना रहा हे। मानवता के दुश्मन जिहादी मानसिकता फिर एक बार देश मे बड़ी चुनोति के रूप ने दिखायी दे रहे हे। देश के विभिन्न राज्यो में हो रहे हिन्दू अत्याचारों ओर योजनाबद्ध तरिके से हमारी बहन बेटियो को निशाना बनाया जा रहा हे।

**शौर्य प्रशिक्षण 11 से 18 मई तक हो रहा आयोजित :** ऐसे में हमारी वहन बेटियों जाग्रत हो सशक्त हो ,शस्त्र से प्रशिक्षित हो इस उद्देश्य विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी संघठन 07 दिनों का शौर्य प्रशिक्षण बहनों का पेटलावद में लगा रही है । उक्त शिविर नगर के खुशबू पैलेस गार्डन थांदला रोड पेटलावद में दिनांक 11 से 18 मई 2925 तक आयोजित होगा ।

**400 से ज्यादा बेटियां प्राप्त रहेगी 07 दिवस तक शिविर में :** इस शिविर में मालवा प्रान्त भर से लगभग 400 सँख्या बहने 07 दिवस तक रहने वाली है और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली है।

**जागरूक और सक्षम हिन्दू करें सहयोग :** एक जागरूक ओर सक्षम हिन्दू होने के नाते अपनी बहन बेटियो की व्यवस्था के सहयोग हेतु विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रान्त पेटलावद के द्वारा समस्त सनातनियो से आग्रह करते शहयोग कि अपील की है।

## प्रधान न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में किया शिशु कक्ष का उदघाटन

### पेटलावद कोर्ट परिसर की सुविधाओं में जुड़ा एक ओर अद्ययाय



विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** न्यायालय परिसर पेटलावद में शनिवार को नया ओर स्वर्णिम अद्ययाय जुड़ गया ।

**नेशनल लोक अदालत हुई अयोजीत :** आज दिनांक 10 मई 2025 शनिवार के दिन नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत का माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ओर पूजन विधिवत तरीके से करते हुए नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।

**शिशु कक्ष का हुआ उदघाटन :** नेशनल लोक अदालत के शुभारम्भ के साथ ही -साथ प्रधान न्यायाधीश विधी सक्सेना के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में शिशु कक्ष का उद्घाटन भी किया गया उ क्त शिशु कक्ष का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश पेटलावद ओम प्रकाश बोहरा साहब की अध्यक्षता में सिविल जज कनिष्ठ खण्ड श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी साहब एवं सिविल जज वर्ग वरीष्ट खण्ड सोहनलाल भगोरा साहब तथा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय के द्वारा विधि विधान से उक्त शिशु कक्ष का उदघाटन किया गया।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति :** इन अवसर पर न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण सीएमओ आशा भण्डारी, , एडवोकेट अनिल देवड़ा, अमृतलाल वोरा, रूपम मोहसिन मंसूरी ,कमलेश प्रजापत आदि अधिवक्ता एवं अन्य विभाग से आए कर्मचारी व बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे।

## छात्रा ज्योती का 10 वी मे उत्तीर्ण आने पर परिवारजन ने पुष्पहारों से स्वागत किया

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** इस बार के परिक्षा परिणात आने के बाद छात्र छात्राओं के परिजनों में भी काफी उत्साह देखा गया ।जो छात्र छात्राओ ने फास्ट डिवीजन बनाया हो या वो उत्तीर्ण हुए हो उनका होंसला बढ़ाने में परिजन भी पिछे नहीं रहै ।ओर अपने बच्चों का पढ़ाई के प्रति होंसला बढ़ाने के लिए उनका खूब स्वागत किया । इसी तर्ज पर परसिस्टेंट पब्लिक स्कूल बाग में अध्यनरत ज्योति पिता रामसिंह सिसोदिया कक्षा 10 वी में उत्तीर्ण कर 500 में से 416 अंक प्राप्त करने पर 83 प्रतिशत बनाए बालिका की इस उपलब्धि पर घर परिवार की खुशी का ठीकाना नहीं रहा और घर में खुशी का माहोल जा गया

इस अवसर पर ज्योति के दादाजी श्री गुमान सिंह जी पटेल,पापा रामसिंह जी पटेल, मुन्ना जी पटेल,जगनसिंह जी पटेल अजय जी पटेल,सामाजिक कार्यकर्ता संजय निंगवाल, पुनमसिंह सिसोदिया आदि ने छात्रा का पुष्पहारों से स्वागत करतै हुए उसे बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता संजय निंगवाल ने कहा की पढ़ाई में शिक्षकगणों का भी बच्चों को आगे बढ़ाने में बहुत योगदान रहता है जितनी छात्र छात्राए पढ़ाई मैं अपनी मेहनत करणै हे उतनी ही शिक्षकगण भी उन्हें पढाने में मेहनत करते हैं।

स्कूली बच्चों की सफलता में शिक्षकों की भी मेहनत की प्रशंसा होनी चाहिए जो बच्चों को समय समय पर हर बात को बारीकी से समझाते हे पढ़ाते है । इस बार के आए सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं के अच्छे रिजल्टो को लेकर समस्त संस्थथाओ के प्रमुख और शिक्षकों को भी बधाई देता हू ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : उतावली चेक डेम पर श्रमदान एवं गहरीकरण कार्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने मानव-श्रृंखला बनाकर किया श्रमदान

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शनिवार को जिला प्रशासन ग्राम पंचायत एमागिर्द अंतर्गत उतावली चेक डेम पहुंचा। यहां पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित रहा। हाथों में ग्लव्स, चेहरे पर मास्क सहित सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से उतावली चेक डेम पर सफाई कार्य किया। देशभक्ति गीतों के साथ जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने मानव-श्रृंखला बनाकर श्रमदान के दौरान एकत्रित हुए कचरे को उचित निपटान हेतु आपसी सहयोग से ट्रेक्टर-ट्रॉली तक पहुंचाया। अधिकारी-कर्मचारियों ने गेती, फावड़ा उठाकर कचरे को इकट्ठा किया। इस कार्य में सभी ने आगे आकर सहभागिता की। जेसीबी के माध्यम से गहरीकरण का कार्य किया गया। विदित है कि, जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार विभागों के समन्वय से कार्य किये जा रहे हैं।

## कुटुम्ब न्यायालय धार के प्रकरण में आपसी सहमति से हुआ राजीनामा

विनय उजाला

**धार, निप्र।** आवेदिका श्रीमती सोनाबाई पति देवकरण निवासी- सागौर, जिला धार एवं अनावेदक देवरकण द्वारा विगत 02 वर्षो से पृथक-पृथक निवास किये जाने के मामले में विधिक सहायता की मांग करते हुए कार्यालय-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार में पति से समझौता करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किन्तु आवेदिका के पति के अनुपस्थित रहने पर श्रीमती सोनाबाई को विधिक सहायता योजना के अंतर्गत उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए पैनल अधिवक्ता श्री अशोक चौहान, को नियुक्त किया गया, पीठ के अध्यक्ष महोदय माननीय श्रीमान संजीव कुमार अग्रवाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय धार एवं श्रीमान प्रदीप सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार के समक्ष दोनो पक्षों ने एक दूसरे को हार पहनाकर साथ-साथ रहने का वादा करते हुए समझौते से प्रकरण को समाप्त किया।

## जिले में कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार जिले में कानून व्यवस्था एवं आपात स्थितियों से निपटने के लिए कलेक्टर नेहा मीना और पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर नेहा मीना ने जिले में कानून व्यवस्था हेतु समस्त एसडीएम और एसडीओपी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि किसी भी अनुभाग में संसाधनो की आवश्यकता होने पर अवगत कराये, कन्ट्रोल रूम के साथ सभी जिलाधिकारियों का समन्वय रहे।

आम जनता को कन्ट्रोल रूम के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने, शस्त्र लाइसेंसियों के सत्यापन, जिले में समय-समय पर खाद्य, दवाईयों, उर्वरको एवं बीजों की जानकारी साझा करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कोटवारों, नगर/ग्राम सुरक्षा समितियों का ओरियेन्टेशन किये जाने के निर्देश दिये।

## एक शाम नाकोड़ा पार्श्व भैरव के नाम भक्ति का होगा भव्य आयोजन

# श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव को भैरव पूर्णिमा पर 56 प्रकार का भोग

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** 12 मई को भैरव पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव ट्रस्ट मंडल मेवानगर पेटलावद के तत्वावधान में गादीपति श्री सुमित जी पीपाड़ा के पावन सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसमे सुबह महाआरती प्रात: 8 बजे उतारी जाएगी।

वही ट्रस्ट मंडल के मीडिया प्रभारी पियूष पटवा ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि 12 मई को सुबह श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव की महाआरती उतारी जाएगी।

तत्पश्चात अनिरुद्ध महेंद्र अग्रवाल परिवार के द्वारा प्रथम छप्पन भोग एवं द्वितीय लाभार्थी शेतानमल कुमट परिवार झकनावदा के छप्पन भोग अर्पण किया जाएगा। वही ढोल एवं अखंड ज्योत दादा के आदेश अनुसार पंकज पटवा परिवार द्वारा लगाई जाएगी। वही रात्रि में भैरव भक्ति का आयोजन लाभार्थी शेतानमल कुमट परिवार झकनावदा द्वारा लिया गया है। जिसमे पांच कलाकार 12 मई को रात्रि में दादा को रिझाने और भक्ति को झूमने आ रहे है।

आयोजन भैरव दरबार मेवानगर पेटलावद में आयोजित किया जाएगा जिसमे ट्रस्ट मंडल ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है। इसके साथ ही भैरव दरबार को पुष्पों से साज सज्जा का लाभ ऋषभ नाहर राजगढ़, नवकारसी का लाभ नंदकिशोर बैरागी, शीतल पेय जल का लाभ सचिन सेठिया, रात्रि भक्ति ज्योत का लाभ कीर्तिश जैन बनी, रात्रि प्रभावना का लाभ प्रकाश मांडोत, हर्ष मांडोत, ओमप्रकाश अरोड़ा झकनावदा, लाईव प्रसारण का लाभ नमन पालरेचा झकनावदा, कृष्णा कुमावत भानगढ़ एवं टेंट डेकोरेशन का लाभ लवेश कुमार मुथा बामनिया ने लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में कॉलेज चलो अभियान

**बड़वानी, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित के निर्देशन एवं अधिकारी डॉ दिनेश पाटीदार के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान का संचालन किया जा रहा है, अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. रितेश भावसार ने वर्ष 2025 - 26 में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में नर्सिंग के विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधित जानकारी दी। महाविद्यालय में नर्सिंग के विद्यार्थीयो को अपने क्षेत्र एवं ग्राम में कक्षा 12 वी उत्तीर्ण एवं ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित कर प्रवेश हेतु आव्हान किया गया।

### विद्युत कंपनियों के पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी

**बड़वानी, निप्र।** प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि यह आदेश मप्र शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार 08 मई 2025 के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। आदेश के अनुसार सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों, जिनमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों के साथ मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से 01 जून 2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों भी शामिल है, को 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा। महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी जो समर्पण (कम्यूटेशन) से पूर्व निर्धारित की गई थी।

## लोक अदालत का नारा दोनों जीतें कोई नहीं हारा

# समझौता के आधार पर होता है निराकरण : न्यायाधीश

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर दिनांक 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रेरणादायी उद्बबोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर अखिलेश जोशी ने कहा कि ''लोक अदालत की भावना एक अत्यंत पवित्र भावना है, जिसमें पीड़ित पक्ष को बिना लड़े समझौते के आधार पर सहायता दिलायी जाती हैं''। पीड़ित पक्ष को वास्तविक न्याय उपलब्ध कराया जाता है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने में सबके सकारात्मक सहयोग की बात कही जिससे कि पक्षकारों को शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके। इस नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पंकज सिंह माहेश्वरी , जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रवि झारोला, राजकुमार चौहान, दीपक चौधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रीति जैन, न्यायाधीश मोहित बड़के, शिवागंनी भट्ट, कार्यकारी अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ विजय जोशी अधिवक्ता अजय कुमार वर्मा (ठाकुर), कार्तिक जोशी के.सी.तोनगर, आर.एस.यादव, सी.के.जैन, एस.एल.यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मण्डलोई, लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता रूपेश कुमार शर्मा, निशा कौशल, बैंक अधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण पैरालीगल वालेन्टियर्स जोजू.एम.आर. दुर्गेश राजदीप नवीन ठाकुर एवं पक्षकारगण शामिल हुए ।

नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों की संख्या में पक्षकारगण, आम नागरिक लाभांवित हुए। विशेषकर पारिवारिक विवादों के समाधान के साथ-साथ क्लेम, विद्युत चोरी, चेक बाउंस, आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों का काफी संख्या में निराकरण हुआ। पारिवारिक प्रकरणों में अनेक बिछड़े हुए परिवारों को मिलाया गया एवं मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में पीडित व्यक्तियों को लाखों रुपए की क्षतिपूर्ति राशि के अवॉर्ड भी पारित हुए। इसी प्रकार जिला बड़वानी निवासी पक्षकार का विवाह इन्दौर निवासी पक्षकार के साथ वर्ष 2003 में हुआ था पारिवारिक कलह के कारण पिछले 01 वर्ष से अलग-अलग रह रहे थे। पति ने पत्नी के विरूद्ध धारा 09 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत दाम्पत्य संबंधों की पुर्नस्थापना का केस लगाया था। उभयपक्ष की संतान भी थी, उभयपक्ष को श्री पंकज सिंह माहेश्वरी के द्वारा समझाइश दी गई जिसके परिणाम स्वरूप उभयपक्ष के मध्य समझौता हुआं पति-पत्नि को श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी से आशीर्वाद प्राप्त कर खुशी-खुशी साथ रहने के लिए न्यायालय परिसर से रवाना हुये। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर प्रीति जैन एवं खण्डपीठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे। वनविभाग के सहयोग से प्रकरणों में समझौता करने वाले पक्षकारों को न्याय वृक्ष प्रदान किया गया।

### खाद से भरा ट्रक, अनियंत्रित सड़क किनारे जा पलटा, हादसे में 1 मजदूर की मौके पर हुई मौत



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** खाद भर कर परिवहन हो रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हुआ सड़क किनारे पलट गया हादसे में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई है।

जानकारी अनुसार थाना बलकवाड़ा के ग्राम टेमरनी में एक खाद से भरा ट्रक अचानक रोड़ से नीचे उतर कर पलट गया। उक्त ट्रक खरगोन से बलकवाड़ा जा रहा था। ट्रक मे 5 लोग सवार थे। हादसे में 1 मजदूर की दबने से मौत हो गई है। मृतक का नाम अशोक पिता दयाराम निवासी टेमला थाना भीकनगांव निवासी के शव को जेसीबी से बाहर निकाला गया। शव का पीएम कराया परिजनों को सोपा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की अधिकारियों के साथ बैठक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और देश के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए खरगोन जिले में आंतरिक सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ रखी गई , जिसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, पूर्वा मण्डलोई , सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ, सभी एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी, होमगार्ड के अधिकारी तथा उद्योग, खनिज, निर्माण विभाग, विद्युत मंडल, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में - देश के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए भविष्य में आपातकालीन स्थिति में आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाना है , इसके लिए सभी अधिकारी तैयारियों के साथ अलर्ट मोड पर रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करे, क्योंकि इन परिस्थितियों में इसकी अहम भूमिका है। सभी अधिकारीयों द्वारा सिविल डिफेंस प्लान तैयार किये जाए। आपात स्थिति के लिए नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर वालिंटियर्स की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण जाए। इस दौरान बताया गया कि जिले की जनसंख्या के हिसाब से जिले में 25 हजार वालिंटियर्स की आवश्यकता है। सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के लिए सेवानिवृत्त फौजी, सीएपीएफ के जवान, पुलिस कर्मचारी, होमगार्ड, एनसीसी के छात्र, सेवानिवृत्त कर्मचारी, अग्निवीर, सुरक्षा ऐजेंसी के सदस्य, वन समिति के सदस्य, विशेष पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि का चयन किया जा सकता है। सिविल डिफेंस वालिंटियर्स 18 वर्ष से अधिक की आयु का होना चाहिए। डिस्ट्रिक कमाण्डेंट होमगार्ड को कार्यालय में उपलब्ध खराब संसाधनों को दुरूस्त करवाया जाए । आपदा मित्र एवं आपदा में बचाव कार्य करने वाले दलों के सदस्यों को सक्रिय किया जाए । खरगोन जिले के महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं स्थलों की सुरक्षा आडिट कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जाए । रात में पेट्रोलिंग कर प्रकाश व्यवस्था की जांच करें । अस्पतालों में आपात कालीन स्थिति में दवाईयों की समुचित व्यवस्था के साथ साथ बर्न यूनिट में भी दवाईयों , उपकरणों की उपलब्धता , ब्लड बैंक की पर्याप्त व्यवस्था हो , इसके लिए निजी अस्पतालों से भी समन्वय बनाकर रखा जाए। अस्पतालों में 24 घंटे उपचार की सुविधा दी जाए ।

#### अधिकारियों को निर्देशित किया गया

बैठक में निर्देशित किया गया कि जिले की सीमा में आने वाले सभी जल स्त्रोतों, इंटक वेल, ओवरहेड टैंक, मोबाईल टावर, एनटीपीसी प्लांट, अस्पताल, बैंक, पोस्ट आफिस, बाजार, बड़े पुलों, विद्युत उनकेन्द्र एवं औद्योगिक क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था रखे। इन स्थानों पर कोई भी अवांछित व्यक्ति प्रवेश न कर सके इसका ध्यान रखा जाये। फायर फायटर वाहनों की स्थिति की समीक्षा करें और और उन्हें दुरूस्त रखें। जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उनका त्वरित उपयोग किया जा सके। जिले में कहीं पर भी अत्यावश्यक वस्तुओं की जमाखोरी न हो इसके लिए कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को समय पर राशन प्रदान करने एवं महत्वपूर्ण एवं आवश्यक सेवाओ जैसे :- तेल, पेट्रोल, एलपीजी, दूध, खाद, बीज का न्यूनतम स्टाक रिजर्व करके रखने कहा गया। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से कोई भी फेक न्यूज या गलत खबर प्रसारित न करें इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

### अधिकारी और कर्मचारियों के अवकाशों पर प्रतिबंध लगाया गया

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** वर्तमान हालातों को देखते हुए राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने आवश्यक नागरिक सेवाओं से जुड़े 13 विभागों के समस्त शासकीय सेवकों के सभी प्रकार के अवकाश पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग,जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाशों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इन 13 विभागों के समस्त जिला अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थितियों में यथा स्वयं अथवा परिवार में विवाह, प्रसूति एवं संतान पालन, गंभीर बीमारी, दुर्घटना, स्वयं के परिवार में घटित अप्रत्याशित घटना आदि के संबंध में कोई भी जिला अधिकारी या कर्मचारी कलेक्टर की अनुमति के बगैर अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे।

### जन शिक्षकों का समर कैंप पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण का किया गया आयोजन

**गुना, निप्र।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुनामें सभी जन शिक्षकों का समर कैंप पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण किया गया। जिले में 15 मई से 15 जून तक कक्षा 5 एवं 6 के बच्चों के लिए गणित आधारित समर कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन की तरफ से सभी जन शिक्षकों को सामग्री वितरण की गई एवं प्रशिक्षण दिया गया। यह समर कैंप सभी गांव में दो स्वयंसेवक संचालित करेंगे। स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा एवं लर्न विद गूगल टूल कोर्स भी कराया जाएगा।

## सोशल मीडिया में भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी सख्त कार्यवाही

### आपत्तिजनक पोस्ट के लिए व्हाट्स एप ग्रुप एडमिन भी जिम्मेदार माना जाएगा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भव्या मित्तल ने भारतीय नागरिक संहिता-2023 की धारा 163(2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर सोशल मीडिया व्हाट्स एप, फेसबुक एवं अन्य प्लेटफार्म पर आपसी वैमनस्यता फैलाने वाले, समाज की शांति भंग करने आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जो कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया व्हाट्सऐप फेसबुक क्यों अन्य प्लेटफार्म पर समाज की शांति भंग करने वाले आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी व्हाट्सएप ग्रुप पर ऐसी पोस्ट की जाएगी तो इसके लिए ग्रुप एडमिन को भी जिम्मेदार माना जाएगा और उसके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी । इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि खरगोन जिला साम्प्रदायिक रूप से अतिसंवेदनशील होने से छोटी से छोटी घटनाओं पर तनाव की स्थिति निर्मित होकर कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती है । पूर्व में भी जिले में साम्प्रदायिक घटना घटित हो चुकी हैं। अत: जिले कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संपूर्ण खरगोन जिलें की राजस्व सीमा में विभिन्न नागरिक, धार्मिक समुदाय के संगठनों द्वारा सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, उन कार्यक्रमों के आयोजनों की पूर्व अनुमति प्राप्त करें एवं आयोजन को दौरान कोई भड़काऊ नारा, पोस्टर, बैनर आदि का प्रदर्शन एवं प्रसारण सोशल मीडिया में न किया जाये।

व्हाट्सअप, फेसबुक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि इंटरनेट प्लेटफार्म यूजर द्वारा कोई ऐसा आपत्तिजनक पोस्ट जिससे धार्मिक भावना भड़के एवं किसी सम्प्रदाय विशेष की भावना उल्लेखित हो, ऐसे पोस्ट को प्रसारित न करें और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाएं। व्हाट्सअप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुड़े यूजर धार्मिक भावना भड़काने वाले पोस्ट को प्रसारित न करें एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोके, ग्रुप एडमिन व्हाटस एप/फेसबुक एवं अन्य बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप का कोई भी सदस्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला संदेश, फोटो या वीडियो डालता है तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी। किसी भी धर्म सम्प्रदाय के संबंध मे आपत्तिजनक टिप्पणी या चित्र कभी भी लाईक या फारवर्ड अथवा शेयर न करें। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो।

## चार धाम यात्रा के लिए नौ सदस्यी युवाओ का दल रवाना

### प्रसिद्ध तीर्थ धाम केदारनाथ महाराज का पहले करेंगे दर्शन

विनय उजाला



**कसरावद, निप्र।** नगर के वार्ड 3 व 4 निवासी युवा चार धाम यात्रा के लिए शनिवार को श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर परिसर से पूजा अर्चना देव दर्शन पश्चात जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। यात्रा उत्तराखंड के प्रसिद्ध देव धाम पहुंचेगी। यहां बाबा केदारनाथ धाम जी महाराज के दर्शन कर आगे की यात्रा का अगला पडाव होगा। देव भूमि के प्राचीन धाम मंदिरो में दर्शन पूजन कर यात्रा करेगे। धार्मिक यात्रा मे शामिल संदीप वर्मा, अनिल वर्मा, ने बताया नौ सदस्यों का दल चार धाम यात्रा मे शामिल है। सभी क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि आथिर्क उन्नति देश की प्रगति के लिए कामना मांगेंगे। हाथो में धर्म ध्वज लेकर भगवान केदारनाथ जी महाराज के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं का यात्रा को लेकर उत्साह देखा गया है।

इस दौरान श्री चिंतामणि हनुमान सुंदरकांड भजन मंडल सदस्यों ने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का आत्मिक स्वागत कर मंगलमय यात्रा की कामना कर विदाई दी गई।

### अनियंत्रित ट्रेक्टर खेत में पलटा दबने से चालक की हुई मौत



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** बलकवाड़ा थाना के खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम रामपुरा से जरोली को जोड़ने वाले नहर मार्ग के पास खेत में एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया ।जिसमे ट्रेक्टर चालक राहुल देवेसिह सोलंकी उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कठोरा दबने से गंभीर घायल हो गया था। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। ग्रामीणों द्वारा गंभीर घायल अवस्था में ठीकरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया । पुलिस ने मर्ग कायम कर में विवेचना में लिया ।

## जल ज्योति में हुआ अनूठा आयोजन

# प्रकृति का संरक्षण ही प्राकृतिक कृषि सचान

विनय उजाला




**कसरावद, निप्र।** हमारे जन्म से हजारों वर्षों पूर्व खेत, जंगल, झरने, नदी तालाब थे, तब भी बिना रासायनिक खाद के खेती होती थी, पेड़ पौधे होते थे। लेकिन आज हमने उत्पादन की अधिकता एवं जल्दी के चक्कर में रासायनिक खादों के उपयोग से धरती मां की उर्वरा शक्ति कमजोर कर लीं। हम वर्षों से इल्ली दीमक की दवाई छिड़क रहे है, लेकिन वे तो मरे नहीं उलटे हमारे सहयोगी कीट, तितली, केचुआ जरूर मर गए । हमे रासायनिक खेती को छोड़ प्राकृतिक कृषि को अपनाना चाहिए उक्त बात झांसी से आए प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ वी के सचान ने ग्राम जल ज्योति में स्व शंकर मायाराम पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित प्राकृतिक कृषि एवं पर्यावरण एवं जल संरक्षण कार्यकम में बतौर मुख्य वक्ता कही ।उन्होंने कहा कि हम कहते है मनुष्य का शरीर पंत तत्व अर्थात भूमि, गगन, अग्नि, वायु और नीर से बना है और यह पंच तत्व ही ईश्वर है। हमे इनका संरक्षण करना है। कार्यकम में पर्यावरण संरक्षण पर भोपाल से आए वक्ता अशोक पाटीदार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक हैं। हमने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया, जिसका दुष्परिणाम है कि हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो गया है। हमे पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जागरूक होकर कार्य करना चाहिए। आयोजन में सासंद गजेन्द्र सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक आत्माराम पटेल ने भी अपने विचार रखे। उक्त आयोजन कृषक दिनेश पाटीदार ने अपने पिता स्व शंकर मयाराम पटेल की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित किया। कार्यकम में अतिथियों को आयोजक दिनेश पाटीदार एवं प्रकाश पाटीदार ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए। कार्यकम में मप्र जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई ने जल सर्वधन की शपथ दिलाई। कार्यकम का संचालन नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक मनोज जोशी ने किया एवं आभार आयोजक दिनेश पाटीदार ने माना। आयोजन में नर्मदा समग्र संभाग समन्वयक राजेश जादम,रेमाई इंडिया बायो रे कसरावद से आशीष जोशी ,ईश्वर पाटीदार,पाटीदार समाज जिला अध्यक्ष उमेश मोदी, जन अभियान परिषद के सुधीर सराफ, राकेश पटेल, अमित रावल, मेंटर शीतल रावल मैकल नैचरल फाऊंडेशन से जुड़े किसान एवं जिले के प्राकृतिक कृषि से जुड़े किसान बंधु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वन विभाग ने सर्प का रेस्क्यू किया



**देवास, निप्र।** आवास नगर से राहुल जैन के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आवास नगर के एक घर के बाथरूम में एक बस स्ट्राइप्ड कीलबेक सर्प घुस गया है। प्राप्त सूचना पर वनमंडल अधिकारी, अमित सिंह चौहान के आदेश पर उप वनमंडल अधिकारी, संतोष शुक्ला एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी, राजेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में रैस्क्यू दल प्रभारी हेमराज गोखले, रेस्क्यू एक्सपर्ट राजेश चौहान एवं पवन कुमार धुर्वे द्वारा सर्प का रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास वन क्षेत्र में छोड़ा गया।

### किरायेदार और दुकानों पर कार्य करने वालों की सूची थाने उपलब्ध कराने के निर्देश

**सोनकच्छ, निप्र।** भारत पाकिस्तान जंग के हालातों को देखते हुए सोनकच्छ पुलिस ने एहतियात के तौर पर नगर में पुलिस वाहन से एक मुनादी कराई। जिसमें उल्लेख किया कि, नगर व क्षेत्र में रह रहे किरायेदार व दुकानों पर कामकाज करने वाले लोगों की सूची थाने पर उपलब्ध कराएं। अगर कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की जानकारी छुपाता है या गोपनीय रखता है। साथ ही पुलिस द्वारा सत्यापन के दौरान जानकारी छुपी पायी जाती है तो मकान मालिक व दुकानदार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बागली में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह सामूहिक सम्मेलन में 245 जोड़ों का हुआ विवाह/निकाह

## उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर नवदम्पतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजनांतर्गत नि:शुल्क सर्वधर्म सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन बागली में आयोजित हुआ। जिसमें 245 नव युगल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर नवदम्पतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में 230 हिंदू जोड़ो का विवाह एवं 15 मुस्लिम जोड़ो का निकाह करवाया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने 49-49 हजार रुपए का चेक वर-वधु को दिया गया।





उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि बागली में आज 245 जोड़ों का विवाह करने का अनूठा कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी द्वारा भी आज वर्चुअल सहभागिता कर नवदम्पतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजना से आज प्रदेश में कई विवाह/निकाह सम्पन्न हो रहे है। यह बड़ा पुण्य का कार्य है। यह एक प्रकार का हवन है, जिसमें जितनी आहुति दें कम है। मेरा सौभाग्य की में यहाँ आया हूं, यहां आकर में गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने सभी नवदंपतियों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी।

बागली विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज इतना बड़ा कार्यक्रम बागली में आयोजित हो रहा है। वर्चुअल सहभागिता कर नवदंपतियों को आशीर्वाद देने पर विधायक श्री भंवरा ने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि बागली क्षेत्र में धर्म की गंगा बहती रहे। इस आयोजन में उत्साह नजर आ रहा है। आज कार्यक्रम में हर समाज ने प्रतिनिधित्व किया है। विधायक श्री भंवरा ने नवदंपतियों को अपनी तरफ से गृहस्थी सामग्री देने की बात भी कही। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने कहा सरकार ने परिवार की चिंता को दूर किया है चाहे वह शादी से संबंधित हो या शिक्षा से हो. इस अवसर पर खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, जटाशंकर तीर्थ के संत श्री बद्री महाराज आदि उपस्थित थे।

# बीड़ी न देने को लेकर दो युवकों ने की युवक की निर्मम हत्या

### थाना उदयनगर पुलिस ने 24 घंटे में किया अंधे कत्ल का खुलासा

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** थाना उदयनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम निमनपुर में एक व्यक्ति की नग्न अवस्था में शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी उदयनगर मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटना स्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया. रिपोर्ट पर से थाना उदयनगर में धारा 194 बीएनएसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मृतक की पहचान कालू पिता लालचंद बछानिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम निमनपुर के रूप में हुई। रिपोर्ट पर से थाना उदयनगर में धारा 103(1), 3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने घटना की जांच कर जल्द आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिनारायण बाथम के मार्गदर्शन अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी सुनीता कटारा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर जांच की गई। स्थानीय लोगों से पूछताछ एवं सघन प्रयासों के पश्चात एक चश्मदीद गवाह के बयान के आधार पर संदेही संतोष पिता सायबसिंह बछानिया एवं नाना उर्फ कन्हैया पिता लखन देवड़ा निवासीगण ग्राम निमनपुर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उनके द्वारा मृतक की हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मृतक कालू से बीड़ी मांगी थी,लेकिन न देने पर विवाद हो गया और उन्होंने डंडे व पत्थर से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बिना अनुमति तेज आवाज में बज रहे डीजे पर की कार्रवाई

## कुल 4 डीजे वाहन संचालकों एवं 1 कार्यक्रम संचालक पर म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत की गई कार्रवाई



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** डीजे का शोर लोगों को परेशान करता हैं। अब पुलिस ने सबक सिखाया हैं। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमानुसार प्रयोग एवं रात्रि 11 बजे के बाद कोलाहल पर पूर्ण निषेध के संबंध में निर्देश दिए गए है साथ ही जिला दण्डाधिकारी देवास ऋतुराज सिंह द्वारा आदेश क्रमांक 86/एडीएम/रीडर/एफ-40/2025, देवास, 7 मई के माध्यम से बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आगामी दो माह हेतु डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के उल्लंघन पर बीएनएस 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध निरन्तर कार्रवाई कर रही है।

#### निम्न स्थानों पर विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई

इसी क्रम में 8 मई की रात्रि में थाना औद्योगिक क्षेत्र को विभिन्न स्थानों पर शादी/बारात में तेज आवाज में डी.जे. बजाने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

» **1. स्थान :** बालगढ़ रोड, पालनगर चौराहा, देवास
वाहन क्रमांक : MP13GB 1099 एवं MP13G8864
**धारा :** अप.क्र. 432/2025 धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम व द धारा 223 बी.एन.एस. 2023
**कार्यवाही :** डी.जे. वाहन जब्त कर विवेचना में लिया गया।

» **स्थान :** ढांचा भवन, देवास
वाहन क्रमांक : DL 1LM 0722 एवं MH 04CG 0098
**धारा :** अप.क्र. 433/2025 धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम व धारा 223 बी.एन.एस. 2023
**कार्यवाही :** डी.जे. वाहन जब्त कर विवेचना में लिया गया।

» **स्थान :** गणेशपुरी पार्ट-2, देवास
**आरोपी :** रमेश पिता गंगाराम खेलवाल, उम्र 45 वर्ष
**धारा :** अप.क्र. 435/2025 धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम व धारा 223 बी.एन.एस. 2023
**कार्यवाही :** स्पीकर जब्त कर विवेचना में लिया गया।

सभी जब्त वाहन एवं उपकरण विधिवत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे ।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, सराहनीय भूमिका रही।

# पत्नी व सास की हत्या करने वाले आरोपी को देवास पुलिस ने किया गिरफ्तार

### हत्या करने के बाद से ही चल रहा था फरार

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** पुलिस ने पत्नी और सास की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया हैं। 17 अप्रैल की रात को थाना बागली पर सूचना प्राप्त हुई कि रेखाबाई को घायल अवस्था में सीएचसी बागली लाया गया है। सूचना पर से थाना प्रभारी बागली मय फोर्स के सीएचसी बागली पहुंचे एवं उक्त घटना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घायल द्वारा दिए गए बयान के अनुसार वह अपने पति,बेटी सोनू,दामाद सुखलाल एवं तीन नातियों के साथ ग्राम कीर्तनखेड़ी में एक खेत पर बने घर में रहती है। रात्रि लगभग 11 बजे सुखलाल और उसकी पत्नी सोनू के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हुआ जिसमें सुखलाल ने सोनू पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बीच-बचाव करने पर सास रेखाबाई पर भी चाकू से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान 18 अप्रैल को रेखाबाई की भी मृत्यु हो गई। घटना के बाद से आरोपी अपने दो बेटों एवं जयदीप को लेकर फरार हो गया था. रिपोर्ट पर से थाना बागली में धारा 103(1),109,296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया जाकर आरोपी पर ईनाम भी उद्घोषित किया गया था ।जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी बागली प्रदीप राय के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।

गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए थे। तकनीकी साक्ष्य एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सुखलाल को 9 मई को बड़वाह जिला खरगोन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड पर लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक सोनकच्छ की चेयरमेन विजिट सम्पन्न

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक सोनकच्छ की डिस्ट्रिक 304 की चेयर मेन मीनाक्षी शर्मा क्लब की गतिविधियों का वर्षभर का ब्यौरा लेने सोनकच्छ पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई।

सोनकच्छ क्लब अध्यक्ष वैशाली जैन ने उन्हें कालर पिन पहनाकर स्वागत किया ।उनके साथ यात्रा में सहयोग कर रही ललिता शर्मा जो कि गरीब और असहाय बच्चों को कक्षा 1 से 12तक एन जी ओ की सहायता से नि:शुल्क शिक्षण में सहायता प्रदान करती है उनका भी अभिनंदन किया गया ।मंचासिन अतिथियों में उनके साथ सोनकच्छ क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट एवं चार्टर सदस्य रशीदा हुसैन भी विशेष अतिथि के रूप में विराजमान थी।




कोषाध्यक्ष स्मिता अकोतीया,पास्ट प्रेसिडेंट सुनीता खत्री,सदस्य आशा भावसार ने सभी अतिथियों को मोती की माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया ।सह सचिव पूजा गुप्ता ने वर्ष भर की गतिविधियों के बारे में विस्तार से ब्यौरा डाला एवं आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला ।सभी अतिथियों ने बारी बारी से संबंधित करते हुए क्लब को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया।

डिस्ट्रिक चेयरमैन मीनाक्षी शर्मा एक सरल सहज और स्वभाव से अत्यंत प्रभाव शाली व्यक्तित्व की धनी हे और इनर व्हील क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन की सक्रिय सदस्य हे ।उन्होंने सोनकच्छ क्लब द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट सेवाओं के लिए क्लब अध्यक्ष वैशाली जैन और उनकी पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

मंचासिन अतिथियों द्वारा कक्षा 12वी विज्ञान संकाय में सी डब्ल्यू एस एन बालिका कुमारी सना का प्रदेश प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मान किया गया ।एवं उसे शिक्षा के क्षेत्र में उचित सहयोग प्रदान करने हेतु आशान्वित भी किया।

अंत में सभी अतिथियों को इंदु अकोतीया एवं पूनम पाटनी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया ।इस अवसर पर हरजीत कौर एवं आकाश जैन का भी सराहनीय सहयोग रहा ।आभार एवं राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई ।कार्यक्रम का संचालन पास्ट प्रेसिडेंट एवं वर्तमान एडिटर ज्योति वाडेकर ने किया।

# 10 वीं एवं 12 वीं परिक्षा में सार्वाधिक अंक लाने वाले विधार्थियों को कलेक्टर करेंगे सम्मानित

### शासकीय उ. म. वि. तालोद के विधार्थी सम्मानित होंगे

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालोद की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 97.5त्न एवं कक्षा 10वीं का 90.27त्न रहा है। कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक कु. स्वाति यशोना (गणित संकाय) 86.4 प्रतिशत एवं विशाल चौहान (आर्ट्स संकाय) 86.4 अकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। उक्त विद्यार्थी ने संकुल स्तर कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए है। विद्यार्थीयों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया जाएगा।







कक्षा 10वीं में करिश्मा सेंधव 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उक्त जानकारी प्राचार्य श्रीमती शोभा शर्मा द्वारा दी गई। साथ ही शाला प्रबंध समिति के सभी सदस्यों नरेन्द्र सिंह मकवाणा, राईस शाह, जितेन्द्र सिंह, सरपंच देवेन्द्र सिंह व विद्यालय परिवार के शिक्षक श्री धीरजसिंह यशोना, विष्णु सर, शारदा वर्मा, लाखन सर, संदीप सर, शुभम सर, विजेन्द्र मालवीय, प्रतिक शर्मा, अतिथि शिक्षक निलेश सर, रक्षिता मेम, बुलबुल मेम, निलम मेम, हिमांशु सर, रवि सर, राजश्री मेम, सोमवती मेम, राबर्ट निनामा राजेन्द्र भारती सभी ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी।

# देश व सैनिकों की रक्षा के लिए ब्राह्मण समाज का गायत्री यज्ञ आज

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** देश की रक्षा और सैनिकों की सुरक्षा के लिए स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा आज रविवार को प्रात: 8 बजे से गायत्री महामंत्र एवं गायत्री यज्ञ का आयोजन स्थानीय गायत्री मंदिर पर रखा जाएगा। इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य भारत की सेना को विजय प्राप्त हो, देश की सुरक्षा हो और आतंकवाद का विनाश हो। जानकारी समाज अध्यक्ष मनीष जोशी ने दी।

### तीन हजार से अधिक की आबादी वाली पंचायतों में अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाए

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल निर्देशों पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह ने खरगोन जिले की सभी नौ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए, कि तीन हजार से अधिक की आबादी वाली पंचायतों में अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था शीघ्र की जाए। जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने नागरिक सुरक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में ग्रामवार कम्युनिकेशन प्लान की सूची तैयार करने, बलवा ड्रील उपकरण की उपलब्धता प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर करने, पब्लिक अनाउसमेंट सिस्टम मुनादी कराने के लिए उपलब्ध रखने तथा डिजास्टर केयर कीट सभी के पास अनिवार्यत उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में 10 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर अब तक 2 लाख 54 हजार 378 क्विंटल से अधिक की खरीदी की

# जिले में आजीविका मिशन के समूहों द्वारा गेहूं का रिकॉर्ड उपार्जन

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित 10 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर अब तक 2 लाख 54 हजार 378 क्विंटल से अधिक की खरीदी की जा चुकी है। जो समूह द्वारा की गई अब तक कि रिकॉर्ड खरीदी है। जिला उपार्जन समिति ने इस वर्ष 10 समूहों को उपार्जन कार्य के लिए चयन किया।



डीपीएम शीला शुक्ला ने बताया कि इन समूहों ने निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कुल 4273 किसानों से खरीदी की है। सभी खरीदी वेयरहाउस सायलो स्तर पर की गई। इस कार्य के लिए समूह को 80 से 85 लाख अनुमानित कमीशन प्राप्त होगा। जिसमें से मजदूरी एवं अन्य खर्च काटने के बाद प्रति समूह को अपनी खरीदी अनुसार 3 से 4 लाख रुपए तक की आय प्राप्त हो सकेगी। समूह की यह आय सिर्फ दो माह की मेहनत में प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने पॉलिसी जारी कर आजीविका मिशन के महिला समूहों को उपार्जन के कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए थे। गत 4 वर्षों में महिला समूहों ने इस कार्य को चुनोती के रूप मे लेते हुये बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन इस वर्ष रिकार्ड खरीदी कर बेहतर प्रदर्शन किया है। ज़िला प्रशासन का मानना है कि इस कार्य से महिला सशक्तिकरण के प्रयासो को गति मिलेगी। इस प्रयास से जहां महिला समूह को कमीशन के रूप में बेहतर आय अर्जित होगी, वही महिलाओं की निर्णय क्षमता में वृद्धि होगी।

शासन की मंशा महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने की रही है। इन प्रयासों से महिलाओं को समाज में निर्णायक भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है। समूह महिलाओं द्वारा गेहूं उपार्जन केंद्र का संचालन करना, इसी भावना की अभिव्यक्ति है। जिला प्रशासन द्वारा सौंपे गए कार्य से समूह महिलाएं उत्साहित हैं।

जिले के श्रीराम स्वंय सहायता समूह ग्राम छतरपुरा विकास खण्ड बागली के द्वारा सबसे अधिक 40,607 क्विंटल गेहूं खरीदी की जिसमें बबीता पाटीदार प्रबंधक दीदी द्वारा बताया कि समूह द्वारा सबसे अधिक खरीदी की है और हमारे केन्द्र पर बिना किसी परेशानी के खरीदी हुई है। केन्द्र के सभी किसानों का भुगतान भी समय पर हो गया है।

# विराट कोहली भी लेंगे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

## बीसीसीआई ने दोबारा विचार करने को कहा

मुंबई, एजेंसी

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को यह जानकारी दे दी है। हालांकि, बीसीसीआई ने उन्हें अपने फैसले पर विचार करने के लिए कहा है। इससे पहले गुरुवार को रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली ने रिटायरमेंट का फैसला कर लिया है और बोर्ड को बता दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह रहे हैं। बीसीसीआई ने उसे फिर से सोचने के लिए कहा, क्योंकि इंग्लैंड का अहम दौरा आने वाला है। फिलहाल उन्होंने बीसीसीआई की बात का जवाब नहीं दिया है।

गौरतलब है कि बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल 2025 में वह जबरदस्त फॉर्म में रहे। उन्होंने अब तक 11 मैच में 505 रन बनाए हैं।




**टेस्ट में 9 हजार से ज्यादा रन...** टेस्ट में 9 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं 36 साल के कोहली अब तक 123 टेस्ट में 9,230 रन बना चुके हैं। उन्होंने अपनी पारी में 30 शतक और 31 अर्धशतक भी जमा चुके हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 9 शतक बनाए हैं। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ सबसे कम 2 शतक जमाए हैं।

### टेस्ट में रोहित और धोनी से बेहतर कप्तान रहे कोहली

रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी भारत को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कप्तान हैं। दूसरी ओर विराट कोहली हैं। वे कभी कप्तान के तौर पर आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत सके। हालांकि, जब चर्चा टेस्ट क्रिकेट की होती है तो बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से मीलों आगे नजर आते हैं। घर में सभी 11 सीरीज जीतीं धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो टीम इंडिया को न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी झेलना पड़ा है। कोहली की कप्तानी में ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने भारत की जमीन पर 11 टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की। भारत ने सभी 11 सीरीज अपने नाम कीं। कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। अश्विन और जडेजा के सपोर्ट और कोहली की अटैकिंग फील्ड स्ट्रैटजी से भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3-0 से जीती। यहां से कोहली की कप्तानी में टीम ने घर सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।

महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज फाइनल

# श्रीलंका से हार का बदला लेकर खिताब जीतना चाहेगा भारत



नई दिल्ली, (हि.स.)

**रविवार को खेले जाने वाले महिला एकदिवसीय ट्राई सीरीज़ फाइनल में भारतीय टीम का लक्ष्य ट्रिकी श्रीलंका के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए खिताब जीतना होगा।**

भारत की टूर्नामेंट में अब तक की एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ ही आई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम सबसे प्रभावशाली रही और चार में से तीन मुकाबले जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही। श्रीलंका दो जीत और दो हार के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ एक जीत के साथ तीसरे पायदान पर रही। यह फाइनल मुकाबला दोनों टीमों के लिए एकदिनी वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से भी अहम होगा। भारत की सफलता में सबसे बड़ा योगदान शानदार बल्लेबाज़ी का रहा है। जेमिमा रोड्रिग्स ने 201 रन बनाए हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन की शतकीय पारी शामिल है। प्रतीका रावल (164 रन), स्मृति मंधाना (148 रन) और दीप्ति शर्मा (126 रन) ने भी अहम पारियां खेली हैं। खासकर दीप्ति का निचले क्रम में 93 रन की पारी टीम को मजबूती देने वाली रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हालांकि अब तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली, लेकिन पिछले तीन मुकाबलों में 41*, 30 और 28 रन की पारी ने संकेत दिए हैं कि वो फाइनल में धमाका कर सकती हैं। गेंदबाज़ी की बात करें तो स्नेह राणा 11 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज़ रही हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट की शानदार पारी शामिल है।

## तीरंदाजी विश्व कप चरण-2... मधुरा ने जीता पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक



शंघाई, (हि.स.)

तीरंदाजी विश्व कप चरण-2 में स्वप्निल वापसी करते हुए मधुरा धामनगांवकर ने शनिवार को यहां यूएसए की कार्सन क्रेहे पर 139-138 से शानदार जीत दर्ज कर अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। मधुरा तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में बिना किसी रैंक के हैं। वह तीसरे सेट के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं, लेकिन 24 वर्षीय तीरंदाज ने दबाव में उल्लेखनीय संयम दिखाया और लगभग दोषरहित चौथे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर स्कोर 110-110 पर बराबर कर दिया। निर्णायक सेट में उन्होंने दो परफेक्ट 10 और 9 के स्कोर के साथ अपनी हिम्मत बनाए रखी और रोमांचक अंत में क्राहे को एक अंक से पीछे छोड़ दिया।

## बीसीसीआई डब्ल्यूटीसी फाइनल भारत में कराने को इच्छुक

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इससे पहले डब्ल्यूटीसी के पहले संस्करण का फाइनल 2021 में साउथैम्पटन में और दूसरे संस्करण का फाइनल 2023 में ओवल में खेला गया था। वहीं, 2025 यानी इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल अगले महीने लॉर्ड्स में खेला जाएगा। जानकारी के मुताबिक, पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था।

## 48 टीमों के साथ होगा महिला फीफा विश्व कप

नई दिल्ली, (हि.स.)

**महिला फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर और बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फीफा ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2031 से महिला विश्व कप में अब 32 के बजाय 48 टीमें हिस्सा लेंगी।**

फीफा परिषद ने वर्चुअल बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। फीफा के अनुसार, 48 टीमों के इस नए फॉर्मेट में 12 ग्रुप बनाए जाएंगे और कुल मैचों की संख्या बढ़कर 104 हो जाएगी, जो पुरुष विश्व कप 2026 के समान है। टूर्नामेंट की अवधि भी एक सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। फिलहाल 2027 महिला विश्व कप ब्राजील में आयोजित होगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हुए विश्व कप में पहली बार 32 टीमों ने हिस्सा लिया था।

### इंग्लैंड ने आईपीएल के बाकी मैच कराने का ऑफर दिया

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड अपने देश में आईपीएल-2025 के बाकी बचे हुए मैच होस्ट करने के लिए तैयार है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अगर उनसे बीसीसीआई बात करें तो वे आईपीएल की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड के मीडिया हाउस डेली मेल ऑनलाइन के मुताबिक, ईसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि वो आईपीएल होस्ट कराकर बीसीसीआई की मदद करने के लिए तैयार हैं।

## नोवाक जोकोविच जेनेवा ओपन में खेलेंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नोवाक जोकोविच इस सीजन पहली क्ले कोर्ट जीत की तलाश में जेनेवा ओपन में उतरेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि सर्बियाई स्टार 17 से 24 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों के लिए अंतिम वार्मअप टूर्नामेंट है। छठे वरीयता प्राप्त जोकोविच इस साल यूरोपीय क्ले कोर्ट सीजन में अब तक जीत नहीं दर्ज कर सके हैं। वे मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे। उनका रिकॉर्ड अब तक 0-2 का है। इस बार वे अपने करियर का 100वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे। जेनेवा ओपन में जोकोविच को नंबर 4 टेलर फ्रिट्ज़ और गत चैंपियन कैस्पर रूड जैसे खिलाड़ियों की चुनौती मिलेगी। रूड ने पिछले चार में से तीन संस्करणों में खिताब जीते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जोकोविच अपना 38वां जन्मदिन (22 मई) एक बार फिर जेनेवा में मना सकते हैं।

**बॉलीवुड**

# ‘दोस्ताना 2’ से जान्हवी कपूर बाहर, श्रीलीला की इंट्री



फिल्म ‘दोस्ताना 2’ कुछ समय के लिए टाल दी गई थी, इस फिल्म में पहले जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन लीड रोल के लिए चुने गए। एक बार फिर मेकर्स इस फिल्म को बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। अब जान्हवी की जगह फिल्म में दूसरी एक्ट्रेस को लिया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ‘दोस्ताना 2’ में जाह्नवी की जगह श्रीलीला को लिए जाने की बात सामने आई है। वह फिल्म में कार्तिक आर्यन के अपोजिट नजर आएंगी। वहीं विक्रांत मैसी भी अब इस फिल्म का हिस्सा हैं, उन्हें एक्टर लक्ष्य से रिप्लेस किया गया है। ‘दोस्ताना 2’ करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस तले बन रही है।



### दोस्ताना में थी ये स्टार कास्ट

करण जौहर प्रोड्यूस फिल्म ‘दोस्ताना(2008)’ दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आए थे। प्रियंका पर इस फिल्म में एक गाना ‘देसी गर्ल’ भी फिल्माया गया, जो आज तक मशहूर है। इस फिल्म के बाद से ही प्रियंका चोपड़ा को देसी गर्ल के नाम से पुकारा जाने लगा।

### कार्तिक संग एक और फिल्म कर रहीं श्रीलीला

एक तरफ कार्तिक आर्यन और श्रीलीला ‘दोस्ताना 2’ में नजर आएंगे। वहीं ये दोनों एक अनाम रोमांटिक फिल्म भी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग भी इन दिनों ये दोनों एक्टर्स कर रहे हैं। श्रीलीला साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, वह फिल्म ‘पुष्पा 2’ में एक हिट आइटम डांस कर चुकी हैं।

## ‘बजरंगी भाईजान’ के सीक्वल में भी दिखेंगे ‘चांद नवाब’



सलमान खान की साल 2015 में आई फिल्म ‘बजरंगी’ भाईजान के सीक्वल को लेकर पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चाएं चल रही हैं। पिछले दिनों बजरंगी भाईजान के लेखक वी विजयेंद्र प्रसाद के सलमान खान से मुलाकात करने के बाद इन चर्चाओं को और भी बल मिला था। अब ‘बजरंगी भाईजान’ में पाकिस्तानी रिपोर्टर चांद नवाब का किरदार निभाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म के सीक्वल को लेकर बात की। उन्होंने इस बात पर भी प्रतिक्रिया दी कि क्या फिल्म के सीक्वल में भी उनका रोल होगा या नहीं।

### ‘मेरा होना न होना, मेकर्स पर निर्भर करता है’

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बजरंगी भाईजान के सीक्वल में खुद को कास्ट किए जाने के सवाल पर बात की। अभिनेता ने सीक्वल में अपने चांद नवाब के किरदार को लेकर कहा कि उन्हें नहीं पता कि फिल्म में उनका रोल होगा या नहीं। एक्टर ने कहा, मुझे सीक्वल बनने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे कास्ट करने का फैसला मेकर्स पर निर्भर करता है। मैं तो यह नहीं कह सकता कि मैं पहले था तो मुझे भी लोय। यह इस तरह से काम नहीं करता। अगर उनको जरूरत होगी, तो हम हाजिर हो जाएंगे।

## ‘शर्म करो यार युद्ध चल रहा है’, ऑपरेशन सिंदूर’ फिल्म की घोषणा पर भड़के लोग

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ‘ऑपरेशन सिंदूर’ चलाया। बढ़ते तनाव के बीच ‘ऑपरेशन सिंदूर’ नाम की एक फिल्म की घोषणा की गई है। दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन उत्तम माहेश्वरी और नितिन कुमार गुप्ता करेंगे। फिल्म का निर्माण निकी विकी भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर करेंगे। फिल्म की घोषणा को इंस्टाग्राम पर पैपराजी पेजों द्वारा साझा की गई। वायरल भयानी के पेज ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, ‘निकी विकी भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर भारत की सबसे बहादुरी भरी स्ट्राइक पर आधारित फिल्म ऑपरेशन सिंदूर के लिए एक साथ काम कर रहे हैं।’ युद्ध जैसी स्थिति के बीच फिल्म की घोषणा होने पर सोशल मीडिया यूजर्स ने निर्माताओं के प्रति नाराजगी जताई और उनकी आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, एआई जनरेटेड पोस्टर के साथ चल रहे युद्ध का मजाक उड़ाया जा रहा है।

# कंगना रनोत हॉलीवुड में जल्द करेंगी डेब्यू

## ब्लेस्ड बी द एविल’ में नजर आएंगी



कंगना रनोट जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। हॉरर ड्रामा फिल्म ब्लेस्ड बी द एविल में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन और टीन वुल्फ फेम टायलर पोसी भी दिखाई देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना ने इस फिल्म के लिए लायंस मूवीज के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन न्यू मी और टेलिंग पॉन्ड जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले अनुराग रुद्र कर रहे हैं। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ब्लेस्ड बी द एविल की शूटिंग इस साल गर्मियों में न्यूयॉर्क में शुरू होगी और इसे पूरी तरह अमेरिका में ही शूट किया जाएगा।

### क्या होगी फिल्म की कहानी

फिल्म ब्लेस्ड बी द एविल एक ईसाई कपल की कहानी है, जो एक-दूसरे के साथ बेहद खुश होते हैं और माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार रहते हैं। लेकिन अचानक महिला का गर्भपात (मिसकैरेज) हो जाता है। इस दुखद घटना के बाद दोनों एक पुराना फार्महाउस खरीदते हैं, जिसका अतीत बेहद डरावना और रहस्यमय होता है। यहीं से उनकी असली परीक्षा की शुरुआत होती है।

## तीन तलाक का काला सच दिखाएंगे इमारान हाशमी और यामी गौतम



बॉलीवुड एक्टर यामी गौतम और इमरान हाशमी एक नई फिल्म में साथ नजर आएंगे। दोनों की यह फिल्म शाह बानो बनाम अहमद खान केस (सुप्रीम कोर्ट 1985) पर आधारित होगी। भारत के सबसे चर्चित और विवादित फैसलों में से एक शाह बानो बेगम के जीवन पर बन रही फिल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा इमराना हाशमी का भी किरदार अहम होने वाला है। यह केस भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को दिखाएगा।सूत्रों के मुताबिक मेकर्स ने इस फिल्म में यामी गौतम के पति की भूमिका निभाने के लिए इमरान हाशमी को चुना है। वह फिल्म में अहमद खान की भूमिका में नजर आएंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल भी पूरा हो चुका है। फिल्म में 1970 का समय दिखाया जाएगा और यामी गौतम मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ती नजर आएंगी। 1978 में पांच बच्चों की मां 62 वर्षीय शाहबानो को उनके वकील पति मोहम्मद अहमद खान ने तीन तलाक दे दिया था। जब उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगा तो मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलनों से वित्तीय मितव्ययता को मिल रहा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री

## लाड़ली लक्ष्मी और कन्यादान जैसी योजनाएं कुशलतापूर्वक हो रहीं संचालित : केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना। प्रदेश के गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा है। यह सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रसंग नहीं है, आज यहां बुधनी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए 170.42 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी हुआ है।

यह इस क्षेत्र के विकास की ओर बढ़ाया गया एक और नया कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भेरूंदा स्थित ग्राम पिपलानी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में क्षेत्रीय जनजातीय (गोंड) समाज के 572 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले बेटियों का विवाह कठिन प्रसंग होता था। बेटी की शादी के लिए गरीबों और किसानों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले चंदा जुटाकर गरीब कन्याओं का विवाह कराने की शुरुआत की। बाद में शासन स्तर पर योजना तैयार की गई और सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत हुई। आज समाज का हर वर्ग इस योजना के जरिए न केवल फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से बच रहा है, वरन् सामूहिक विवाह सम्मेलनों से समाज में वित्तीय मितव्ययता की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। सनातन समाज में विवाह केवल दूल्हा-दुल्हन का रिश्ता नहीं है, यह दो परिवारों के लिए भी एक नए संबंध की शुरुआत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुधनी में फोरलेन, मेडिकल कॉलेज और गारमेंट कारखाने स्थित हैं। सलकनपुर में देवीलोक का विकास कार्य भी प्रगति पर है। शुक्रवार को ही दमोह के बांदकपुर में भी देवश्री जागेश्वर महादेव लोक का भूमि-पूजन किया गया है। हमारी सरकार केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रारंभ सभी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। बुधनी क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है, जिसमें किसानों को 25 से 33 प्रतिशत अनुदान भी मिल रहा है। प्रदेश में दूध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने हर ब्लॉक में एक गांव को आदर्श वृंदावन ग्राम बनाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत एक शक्ति संपन्न देश है, जो किसी भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार नहीं तीन-तीन बार सर्जिकल स्ट्राइक की हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर बहनों का सुहाग उजाड़ा है। अब ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी और उनके ठिकानें ध्वस्त किए जा रहे हैं। भारत की शक्ति को दुनिया देख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत किसी पर हमला नहीं करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि निर्दोष भारतीयों का खून बहाने वालों को मिट्टी में मिला देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सेनाएं दुश्मन को माकूल जबाव दे रही हैं। सीमा पर जवान तैनात हैं तो खेतों में हमारे किसान खड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश के अनाज भंडार खाद्यान्नों से भरे पड़े हैं, देशवासी कतई चिंता न करें और अपनी सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े रहें।

### भारत अद्भुत देश है, शहनाई के साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे : केंद्रीय मंत्री चौहान

केंद्रीय कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत देश अद्भुत है, जहां शहनाइयों के साथ-साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे हैं। भारत की ओर कोई आंख उठाकर देखेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे नवदम्पत्ति भी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। विवाह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें मिलकर चलना पड़ता है। बेटियों के साथ संकल्प लीजिए कि हम सब देशवासी सरकार और सेनाओं का साथ देकर उनका मनोबल बढ़ायेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना और कन्यादान योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाएं बखूबी संचालित हो रही हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के जल क्षेत्र में छोड़े कछुए



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीवों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान वन विहार राष्ट्रीय उद्यान से सटे भोज ताल के जल क्षेत्र में कुछ नन्हे कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कछुओं की प्रजातियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वन विहार के अन्य प्राणियों के रखरखाव और पर्यटन विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणियों के रखरखाव और देखभाल में संलग्न स्टॉफ उपस्थित था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैटरी चलित वाहन से वन विहार क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री टेटवाल ने स्वच्छता के माध्यम से राष्ट्रसेवा का दिया संदेश



**भोपाल, निप्र।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा में प्रात: भ्रमण के दौरान नगर निगम कर्मियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि अपने आसपास की स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता देशभक्ति की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। मंत्री श्री टेटवाल ने स्वयं झाड़ू थामकर नगर की गलियों में सफाई की और आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे सैनिक सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, तो हम सबका दायित्व है कि हम समाज और वातावरण की रक्षा करें — यही सच्ची देशसेवा है। मंत्री श्री टेटवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ सामाजिक चेतना, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जागृत करने का माध्यम बन चुका है। मंत्री श्री टेटवाल ने सफाईकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नियमित प्रयासों से नगर स्वच्छ और सुंदर बना रहता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर जागरूकता और सहभागिता के माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान को और सशक्त बनाएं।

## राजधानी समेत 40 से अधिक जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट, 13 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**भोपाल,(हि.स.)। मध्य प्रदेश में लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को कई जिलों में आंधी चली और बारिश भी हुई। आज शनिवार को भी मौसम बदला रहेगा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर समेत प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में आंधी, हल्की बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है।**



मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दो सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 13 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। शनिवार को जिन जिलों में मौसम बदला रहेगा, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भिंड, दतिया, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, खरगोन जिले शामिल हैं। वहीं, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, विदिशा, अशोकनगर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मंडला, बालाघाट, सिवनी, कटनी में भी हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी का दौर रह सकता है।

इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में मौसम बदला रहा। भोपाल, श्योपुर, बैतूल, हरदा, अनूपपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, गुना, विदिशा, रायसेन, सीहोर, खंडवा, छतरपुर, बैतूल, रतलाम, देवास, खरगोन, पन्ना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, सिंगरौली और शहडोल में भी हल्की बारिश, आंधी और गरज-चमक की स्थिति बनी रही। दूसरी ओर, पूरे प्रदेश में दिन का तापमान 40 डिग्री से कम रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.2 डिग्री, इंदौर में 34 डिग्री, ग्वालियर में 37.6 डिग्री, उज्जैन में 34 डिग्री और जबलपुर में पारा 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी में सबसे कम 30.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, खजुराहो में सबसे ज्यादा 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंडला, सतना, सीधी और रीवा में भी पारा 39 डिग्री या इससे ज्यादा रहा।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनर्जी हैंडलिंग का नया कीर्तिमान : ऊर्जा मंत्री तोमर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत प्रणाली के संचालन में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रदेश के पारेषण नेटवर्क ने कुल 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.2 प्रतिशत अधिक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और तकनीशियनों की विशेषज्ञता, कुशल प्रबंधन और विद्युत प्रणाली के उत्कृष्ट रख-रखाव का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए तीनों विद्युत कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि 24 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश में एक दिन में सर्वाधिक एनर्जी हैंडलिंग का रिकॉर्ड भी बना। इस दिन 353.77 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जो राज्य की विद्युत प्रणाली की उच्च कार्य क्षमता, विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है। विगत दो वर्षों से प्रदेश में एनर्जी हैंडलिंग (ऊर्जा संचालन) में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में 88,850 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 95,137 मिलियन यूनिट, और अब 2024-25 में 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफल संचालन हुआ है।

### बिजली की मांग में वृद्धि और निरंतर आपूर्ति

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह जानकारी भी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 95,137 मिलियन यूनिट ऊर्जा का संचालन किया गया था। इस वर्ष बिजली की निरंतर बढ़ती मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह उपलब्धि राज्य में सभी स्तरों पर विद्युत प्रणाली की लगातार उपलब्धता के कारण संभव हो सकी।

## मप्र के छिंदवाड़ा में दो बाइक की टक्कर में पांच की मौत, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**छिंदवाड़ा, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां छिंदवाड़ा में शुक्रवार देरात दो बाइका की आमने- सामने से हुई जोरदार भिड़ंत में पांच युवाओं की मौत हो गई। हादसा की खबर सुन युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अमरवाड़ा के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास हुआ। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल लाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतकों में दो युवक एक ही परिवार के हैं। मृतकों की पहचान सुखराम यादव (21) और आयुष यादव (19) निवासी अमरवाड़ा, शहजाद खान (19), विक्रम उईके (18) और अविनाश उईके (18) निवासी लिंगपानी शामिल हैं।

बताया गया है कि युवकों के परिजन और उनके परिचित अमरवाड़ा अस्पताल पहुंच गए। एएसपी आयुष गुप्ता ने बताया कि परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भोपाल कोर्ट का नोटिस

## 7 साल पुराने मामले में न्यायालय में होना होगा पेश

**भोपाल, (हि.स.)।** भोपाल कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में 28 अगस्त को पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले, उन्हें 9 मई को अदालत में उपस्थित होना था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। यह मामला 2018 के मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से जुड़ा है, जब राहुल गांधी ने झाबुआ की एक चुनावी रैली में शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय के बारे में बयान दिया था। बाद में, उन्होंने शिवराज सिंह चौहान पर की गई टिप्पणी वापस ले ली, लेकिन कार्तिकेय चौहान पर दिए गए बयान को बरकरार रखा। इसके बाद, कार्तिकेय चौहान ने इसे झूठा और मानहानि करने वाला बताते हुए राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया।



दरअसल मामला 2018 का है। सात साल पुराना ये मामला मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। दरअसल इन चुनावों में राहुल गांधी प्रचार-प्रसार के लिए झाबुआ आए थे। यहां कांग्रेस की चुनावी रैली थी। इस रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था, शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम पनामा पेपर्स लीक में है। बाद में शिवराज पर की गई टिप्पणी को वापस ले लिया गया, लेकिन कार्तिकेय पर बयान जारी रखा। इस मामले को लेकर शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय ने राहुल गांधी की इस टिप्पणी को झूठा और मानहानि करने वाला बताया। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने तथ्यहीन आरोप लगाकर उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया है। बाद में उन्होंने भोपाल कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाया था। मानहानि के इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ नोटिस जारी कर भोपाल कोर्ट ने 9 मई 2025 को कोर्ट में हाजिरी देने का आदेश दिया था। लेकिन राहुल गांधी कोर्ट नहीं पहुंचे। इस पर अब भोपाल कोर्ट ने उनके खिलाफ फिर से नोटिस जारी किया है।

## नगरीय विकास की योजनाओं के बेहतर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट का हो उपयोग



### शहरी मामलों की विशेषज्ञ प्रो. रस्तोगी की अधिकारियों के साथ बैठक

**भोपाल, निप्र। शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. सुभाष रस्तोगी ने कहा है कि नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं में बेहतर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट का उपयोग होना चाहिए।**

इसके उपयोग से किसी भी कार्य में कीमत को प्रभावित किये बिना टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करने साथ ही कर्मचारियों के काम करने की परिस्थितियों में आवश्यक सुधार किया जाता है। प्रो. रस्तोगी नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों की भोपाल में हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा कर रहे थे।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला भी मौजूद थे। प्रो. रस्तोगी ने कहा कि लीन मैनेजमेंट प्रक्रियाओं को प्रबंधित करने और काम को संगठित करने का एक तरीका है। जिसका उद्देश्य कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि करना होता है। उन्होंने कहा कि इस नीति का अर्थ अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि करना है। यह उत्पादन और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अनुकूलित करके हासिल किया जाता है। प्रो. रस्तोगी ने बताया लीन मैनेजमेंट में माल की कीमत को प्रभावित किये बिना किसी टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करना, साथ ही जिन स्थितियों में कर्मचारी काम करते हैं, उनमें भी आवश्यक रूप से सुधार किया जाता है।

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही नगरीय विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. रस्तोगी के साथ चर्चा को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि नगरीय विकास की जल प्रदाय और सीवरेज जैसी विकास योजनाएँ आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### रीवा में बीहर रिवर फ्रंट फेज-टू का किया लोकार्पण

## बीहर नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पचमठा धाम स्थित निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक बीहर रिवर फ्रंट के बन जाने से नदी के एक तरफ के रिवर फ्रंट का कार्य पूर्ण हो चुका है।**





आगामी चरण में निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आने वाले समय में बड़ी पुल के पास एनिकट बनाकर पानी में बाबा घाट से राजघाट तक क्रूज भी चलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने फीता काटकर रीवा में बीहर रिवर फ्रंट फेज-टू का लोकार्पण किया और निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक भ्रमण किया। इससे पूर्व बीहर रिवर फ्रंट भाग एक आमजनों के लिए लोकार्पित किया जा चुका है।

पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पर्यटक व रीवावासी रिवर फ्रंट से कलकल बहती बीहर नदी के अप्रतिम सौन्दर्य को करीब से निहार सकेंगे। रिवर फ्रंट का रखरखाव का दायित्व निर्धारित कर दिया गया है। व्यवस्थित ढंग से इसका रखरखाव हो। उन्होंने कहा कि पचमठा धाम जागृत स्थल है। आदि शंकराचार्य जी के चरण यहाँ पर पड़े थे। इसका वैभव पुनर्स्थापित हुआ है।

उपेक्षा पर आस्था की विजय हुई है। यहाँ होने वाली बीहर आरती का दृश्य अद्भुत होता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवत कृपा से ही रीवा में विकास के कार्य हो रहे हैं। भगवान के स्थलों के जागृत होने से रीवा लगातार आगे बढ़ रहा है। रीवा में बनने वाली अधोसंरचनाओं व निर्माण कार्यों की देश एवं प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हुई है। शहरवासियों का भी दायित्व है कि वह इन संरचनाओं को व्यवस्थित व सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। एकजुटता के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। हमारा देश परम वैभव पर पहुंचकर विश्व का नेतृत्व करेगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श नगर में गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिए उस शहर का समन्वित विकास आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के संकल्प से रीवा में आधारभूत संरचनाओं, पार्कों का विकास तथा रिवर फ्रंट की सौगात मिली है। उन्होंने रीवा में स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी के इंतजाम के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया।

आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि रिवर फ्रंट का रखरखाव नगर निगम के माध्यम से एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। रीवा के सभी अधोसंरचनाओं के रखरखाव में भी नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा घाट में एसटीपी निर्मित हो चुका है। कोतवाली घाट का एसटीपी जून माह के अंत तक निर्मित हो जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा*,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.